समिट का आयोजन प्रदेश में एमएसएमई इकाइयों और उनसे सृजित रोजगार के प्रोत्साहन के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिनमें उद्यमी एवं उद्योगपति, उद्योग संघ पदाधिकारी, स्टार्टअप से जुड़े व्यक्ति और विद्यार्थी शामिल थे। सभी जिलों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। समिट का उद्देश्य प्रदेश में उद्यमशील संस्कृति को बढ़ावा देना, नवाचार की भावना को विकसित करना तथा राज्य के विकास में एमएसएमई के योगदान को उजागर करने के साथ ही एक समग्र एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण करना है।

बताया गया कि समिट का सूत्र वाक्य 'आर्थिक विकास के शुभ संयोग मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग' प्रदेश के आर्थिक विकास को सरल शब्दों में रेखांकित करता है। विनिर्माण वृद्धि को उच्चतर गति देने के लिए केंद्र सरकार के साथ कदम मिलाते हुए राज्य शासन ने प्रमुख क्षेत्रों में अनेक उपायों की शुरुआत की है, जैसे स्टार्ट-अप, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, एक जिला-एक उत्पाद, नीति सुधार इत्यादि में काफी काम हुआ है।

सचिव श्री पी. नरहरि ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए एक सुदृढ़ एवं लचकदार संरचना का होना मूलभूत एवं अत्यावश्यक शर्त है। राज्य शासन ने सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्रों के सहयोग से विभिन्न सुधारात्मक उपायों के द्वारा एमएसएमई इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने की दिशा में निर्णयात्मक कदम उठाए हैं, जिसका एक माइलस्टोन मध्यप्रदेश एमएसएमई समिट 2023 मानी जाएगी।

समिट में एनएसई इंडिया, वालमार्ट, आरएक्सआईएल, इनवाइस मार्ट तथा आइसेक्ट के साथ एमओयू हुए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रधानमंत्री की मध्यप्रदेश यात्रा को दें भव्य स्वरूप - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मध्यप्रदेश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुये

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 27 जून को भोपाल और शहडोल यात्रा को भव्य स्वरूप दें। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने आने वाले नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इस बात का ख्याल रखा जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित निवास कार्यालय समत्व भवन में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

पीवीसी आयुष्मान कार्ड का वितरण

बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी शहडोल में पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण योजना का शुभारंभ करेंगे। देश में पहली बार प्रदेश में 3 करोड़ 57 लाख आयुष्मान हितग्राहियों को डिजिटल आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा योजना के शुभारंभ के बाद ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पीवीसी कार्ड वितरित किए जाएंगे। पंचायत स्तर पर इसके लिए आयुष्मान ग्राम सभा होंगी, जिसमें आयुष्मान हितग्राहियों के नाम पढ़े जाएंगे। नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है।

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ

बताया गया कि प्रधानमंत्री शहडोल में राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में केंद्र सरकार के स्वास्थ्य, जनजातीय, आयुष मंत्रालय और देश के 17 राज्य के प्रतिनिधि ऑनलाइन शामिल होंगे। कार्यक्रम में वर्चुअली प्रदेश के 20 जनजातीय बहुल जिलों के 89 विकास खण्ड के करीब 3 हजार हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों के 2 लाख से अधिक हितग्राहियों को सिकल सेल जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का वितरण किया जाएगा। इन कार्डों में सिकल सेल एनीमिया के परीक्षण के बाद उसकी रिपोर्ट होगी। श्री मोदी इस अवसर पर सिकल सेल ऑपरेशन गाइड लाइन का अनावरण, नेशनल सिकल सेल पोर्टल एवं डैश बोर्ड का भी शुभारंभ करेंगे। सिकल सेल मैनुअल का भी अनावरण होगा। कार्यक्रम का प्रदेश भर में 25 हजार 500 से अधिक स्थानों पर सीधा प्रसारण होगा। इनमें प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ सिविल अस्पताल, जिला अस्पताल, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, चिकित्सा महाविद्यालय, शहरी स्थानीय निकाय और नगर निगम मुख्यालय शामिल हैं।

फिल्म प्रदर्शन

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में प्रदेश में सिकल सेल के उन्मूलन के संबंध में तैयार की गई फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे और सामूहिक भोज में भी शामिल होंगे। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान और प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य श्रीमती पल्लवी जैन गोविल ने कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्री राम खेलावन पटेल, शहडोल के कमिश्नर एवं कलेक्टर ने की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

श्री मोदी 27 जून को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर 2 वंदे भारत ट्रेन, भोपाल-इंदौर और भोपाल-जबलपुर को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के नागरिक रेलवे स्टेशन पर होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुन सकें, ऐसे इंतजाम किए जाएं।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में मध्यप्रदेश के बच्चों का मनोबल बढ़ाया - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में प्रदेश की प्रतिभाओं का उल्लेख कर उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। कटनी जिले की हमारी बेटी मीनाक्षी सहित अनेक बच्चों के टी.बी. मुक्त भारत के लिए दिये गये योगदान की प्रशंसा कर प्रधानमंत्री ने अन्य बच्चों का मनोबल बढ़ाया है। इससे निश्चित ही अन्य बच्चों को ऐसे नेक कार्यों की प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रशंसा से नि:संदेह पूरे देश के बच्चे राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्य के प्रति अधिक सचेत और जागरूक होंगे। प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचार और कार्य नए भारत के निर्माण के लिए बच्चों, युवाओं और जन-जन को प्रेरित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बच्चों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि 'हम सब जानते हैं कि बच्चों को गुल्लक से कितना प्यार होता है। लेकिन मध्यप्रदेश के कटनी जिले की 13 वर्ष की मीनाक्षी और पश्चिमी बंगाल के डायमंड हार्बर के 11 वर्ष के बच्चर मुखर्जी कुछ अलग हैं। इन दोनों बच्चों ने अपनी गुल्लक के पैसे टी.बी. मुक्त भारत के लिए लगा दिए। उनका यह उदारहण भावुकता से भरे होने के साथ प्रेरणा प्रदान करने वाला भी है।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में ग्वालियर निवासी कु. निधि पवैया जिन्होंने उत्तर प्रदेश में हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में शॉट-पुट प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की छात्रा कु. निधि पवैया ने घुटने में गंभीर चोट के बावजूद शॉट-पुट में गोल्ड मेडल जीतने में कामयाबी हासिल की।

उल्लेखनीय है कि कु. निधि नवंबर 2021 में ट्रेनिंग के दौरान घुटने पर लगी चोट के चलते पूरे साल खेल से दूर रही और उनका पिछला पूरा साल रिकवरी में ही गुजर गया। हालांकि निधि ने इस साल से दोबारा अभ्यास शुरू किया और मार्च 2023 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2023 में शॉटपुट का स्वर्ण पदक जीता।

अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नगरीय निकायों को दिशा-निर्देश जारी

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नियंत्रण के संबंध में समस्त नगरीय निकायों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निकायों को हिदायत दी गई है कि ऐसे सभी भवन, जिनके भवन स्वामियों द्वारा फायर सेफ्टी प्लान एवं फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त कर अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रावधान नहीं किये हैं, उनको नियमानुसार नोटिस जारी कर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाये।

नोटिस देने के बाद भी यदि भवन स्वामी द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है, तो जिला कलेक्टर को सूचना देकर भवन में संचालित गतिविधियों को बंद कराने के लिए समुचित कार्रवाई की जाये। सभी बहुमंजिला इमारतों में नियमित मॉकड्रिल से जन-समुदाय को जागरूक और प्रशिक्षित किया जाये। बहुमंजिला इमारतों का नियमित निरीक्षण कर फिक्स्ड फायर फायटिंग सिस्टम और स्प्रिंक्लर की स्थिति का आकलन करने के लिए भी निकायों को कहा गया है। साथ ही अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दिसम्बर-2022 में जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन और अग्निशामक कर्मचारियों को नवीन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाना विशेष तौर पर सुनिश्चित करने को कहा है।

बिना भेदभाव के संवेदनाओं के साथ समाज सेवा करें नवचयनित प्रशासनिक अधिकारी

नैतिक मूल्यों के साथ समरसतायुक्त और शोषणमुक्त समाज बनाने में दें योगदान

भोपाल, स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित 'प्रज्ञादीप' सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान में संघ लोक सेवा आयोग एवं मप्र लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफल विद्या भारती के पूर्व छात्रों के 'अभिनंदन समारोह' में नवचयनित प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया। राज्य मंत्री श्री परमार ने सभी नवचयनित प्रशासनिक अधिकारियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी।

प्रशासनिक सेवा में चयन होना गौरव की बात

श्री परमार ने कहा कि विद्या भारती में हिंदी भाषा में विद्यालयीन शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों का बड़ी संख्या में प्रशासनिक सेवाओं में चयन होना गौरव की बात है। भाषा सफलता में बाधा नहीं बन सकती, इसलिए इसे कमजोरी न समझकर हीन भावना से बचें। संस्थान ने जो नैतिक मूल्य और संस्कार दिए हैं, उन्हें अब संवेदनाओं के साथ समाज सेवा में उपयोग कर बिना भेदभाव के कार्य करने का महत्वपूर्ण अवसर है। परिवार, समाज एवं विद्यालय का योगदान उन्नति में निहित है, अपने आचरण को आदर्श बनकर ऐसे कार्य करें कि समाज के लिए प्रेरणा बनें। कार्यक्षेत्र में अनेक चुनौतियां आयेंगी, लेकिन नैतिक मूल्यों के आधार पर समरसतायुक्त और शोषणमुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने में अपनी भूमिका का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 में वैभवशाली, गौरवशाली, सर्वसंपन्न, सर्वशक्तिशाली एवं दुनिया का भरण-पोषण करने वाले विश्वगुरु भारत के पुनर्निर्माण के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

प्रदेश की संस्कृति है सर्वश्रेष्ठ

अपर मुख्य सचिव श्री जेएन कंसोटिया ने कहा कि प्रदेश की संस्कृति और प्रकृति सर्वोत्कृष्ट है, यहां समाज सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। मातृभाषा ज्ञान प्राप्ति का सरल माध्यम है। चयनित अधिकारी सभी के साथ समान व्यवहार कर समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप आचरण स्थापित कर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक के हितों के लिए कार्य करें।

उपाध्यक्ष विद्या भारती श्री रविन्द्र कान्हेरे, उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल डॉ. रमा मिश्रा, अध्यक्ष स्थायी पाठ्यपुस्तक समिति श्री प्रकाश बरतूनिया, संस्थान के अन्य पदाधिकारी एवं नवचयनित अधिकारियों के परिजन उपस्थित थे। डॉ. नीलाभ तिवारी ने संचालन एवं श्री राम भावसार ने आभार व्यक्त किया।

अमेरिका की ऐमरी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी गांधी मेडिकल कॉलेज के साथ करेंगे टीबी पर रिसर्च

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग भोपाल में अमेरिका की ऐमरी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के साथ चर्चा करते हुये

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंत्रालय में अमेरिका की सुप्रसिद्ध ऐमरी यूनिवर्सिटी से गांधी मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के लिये आये विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। यह विद्यार्थी भोपाल जीएमसी के चिकित्सा विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों के साथ मिल कर गर्भवती महिलाओं में टीबी के विषय पर शोध करेंगे। श्री सारंग ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा चिकित्सा विद्यार्थियों को उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 'मेडिकल नॉलेज शेयरिंग मिशन' के तत्वाधान में गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल एवं अमेरिका की ऐमरी यूनिवर्सिटी में बीच चिकित्सीय ज्ञान के आदान-प्रदान के लिये एमओयू किया गया है। इसके तहत ऐमरी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी भोपाल के गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मिलकर एक माह तक गर्भवती महिलाओं में टीबी की स्क्रीनिंग को लेकर बेस लाइन डेटा कलेक्शन एवं डेटा एनालिसिस कर पीडीएसए (प्लान डू स्टडी एक्ट) टूल्स पर काम करेंगे।

श्री सारंग ने बताया कि गर्भवती महिलाओं में टीबी की समस्या का असर शिशु पर पड़ने की भी संभावना रहती है, जिसके लिये सही समय पर टीबी की जांच की जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि ऐमरी यूनिवर्सिटी से मास्टर्स इन पब्लिक हेल्थ के 4 विद्यार्थियों और गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के स्त्री रोग एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग के 6 विद्यार्थियों के साथ अमेरिका एवं गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सकों को मिलाकर कुल 15 लोगों की टीम बनाई गई है, जो सीईटीआई (कॉलेबरेशन फॉर टीबी इन इंडिया) एवं मेडिकल नॉलेज शेयरिंग मिशन मध्यप्रदेश के साथ मिलकर रिपोर्ट तैयार करेगी।

श्री सारंग ने बताया कि ऐमरी यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू से मध्यप्रदेश के मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे चिकित्सा विद्यार्थियों को विश्व स्तर पर चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार, शैक्षणिक प्रगति एवं शोध के क्षेत्र के विभिन्न आयामों के अध्ययन का अवसर मिल सकेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री ने भिण्ड जिले के पांच व्यक्तियों को औचक फोन लगाकर जानी समस्याएं

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भिण्ड जिले की श्रीमती सुनीता देवी, श्री रामकरण प्रजापति, श्रीमती शकुंतला देवी, श्री देवेन्द्र गोयल और श्री मुनेंद्र सिंह भदौरिया से औचक फोन लगाकर उनकी समस्याएं जानीं। मुख्यमंत्री को पांचों व्यक्तियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्या कोई भी हो, मैं रहते जरा भी घबराएं या चिंता नहीं करें। सबकी समस्या का न्यायोचित समाधान करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने फोन पर कलेक्टर को शिकायत और समस्या का त्वरित, न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान करने के निर्देश दिए।

श्री चौहान से मिले निर्देश के अनुपालन में कलेक्टर द्वारा गठित संबंधित अधिकारियों के दल ने पांचों व्यक्तियों के घर पहुंच उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया।

समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान

भिण्ड के वार्ड क्रमांक 24 हनुमान नगर जामना रोड निवासी श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री रामशंकर ने बताया कि उनके खाते में लाड़ली बहना योजना की राशि नहीं आई। जांच में पाया गया कि श्रीमती सुनीता की डीबीटी इनेबल्ड नहीं है। अधिकारियों ने उनका पोस्ट ऑफिस बैंक में डीबीटी इनेबल्ड खाता खुलवा कर उन्हें आश्वस्त किया कि एक सप्ताह में बैंक खाते में राशि पहुंच जाएगी। श्रीमती सुनीता ने समस्या के त्वरित समाधान पर संतोष व्यक्त कर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

भिण्ड की नगर पंचायत अकोड़ा के वार्ड क्रमांक 12 (गढ़ी मोहल्ला टावर के पास) निवासी श्रीमती रेखा प्रजापति पत्नी श्री शिवसिंह प्रजापति ने बताया कि लाड़ली बहना योजना में उनका फॉर्म नहीं भर पाया। समग्र आईडी में नाम भी दर्ज नहीं है। दस्तावेज की जांच में पाया गया कि उनके आधार कार्ड में मध्यप्रदेश के बाहर का पता है। इस कारण वे लाड़ली बहना योजना की पात्रता में नहीं आयीं और उनका फॉर्म नहीं भर पाया। श्रीमती प्रजापति के आधार कार्ड में पता परिवर्तन का एग्रीमेंट करा दिया गया है। श्रीमती प्रजापति ने समाधानपूर्ण त्वरित कार्रवाई पर संतुष्टि व्यक्त कर मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद दिया है।

नगर पालिका के इंजीनियरों की तकनीकी स्वीकृति दिये जाने की शक्तियां हुईं दोगुनी

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद और नगर परिषद के सहायक यंत्री तथा कार्यपालन यंत्री की तकनीकी स्वीकृति दिये जाने की शक्तियों को बढ़ाकर लगभग दोगुना कर दिया गया है।

श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि नगर पालिका परिषद और नगर परिषद के सहायक यंत्रियों को नवीन कार्यों के लिए 1 लाख से बढ़ाकर 2 लाख तथा मरम्मत कार्यों लिए 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये तक की तकनीकी स्वीकृति दिये जाने के अधिकार दिये गए हैं। कार्यपालन यंत्री को नवीन कार्यों के लिए 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपये तथा मरम्मत कार्यों के लिए 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक की तकनीकी स्वीकृति दिये जाने के लिए शक्तियां प्रदान की गई हैं। इस संशोधन से नगर पालिका परिषद/नगर परिषद के स्तर पर विकास कार्यों में आसानी होगी।

विश्व सिकल सेल दिवस

सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिए सभी समुदायों का सहयोग जरूरी

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल मंडला में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये

मंडला, सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए व्यापक जागरूकता आवश्यक है। सिकल सेल एनीमिया के प्रभावी रोकथाम के लिए प्रबंधन और इलाज में हर समुदाय और व्यक्ति को सहभागी बन कर मानवता की सेवा करनी होगी। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विश्व सिकल सेल दिवस पर 19 जून को मंडला के सेमरखापा के एकलव्य परिसर में संगोष्ठी और स्क्रीनिंग कैम्प को संबोधित करते हुए कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि मानव सेवा ही प्रभु की सेवा है। सिकल सेल एनीमिया के इलाज के नेक काम में हर कोई यथासंभव सहयोग करें। केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 तक भारत को टीबी और वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसे पूरा करने के लिए हम सभी को आगे आना होगा और सरकार का सहयोग करना होगा।

श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया अनुवांशिक रोग है। इसके उन्मूलन के लिए हर परिवार में जाकर काउंसलिंग एवं स्क्रीनिंग करनी होगी। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं की जांच करते समय उनके परिवार की बीमारी का इतिहास भी पता करना होगा। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकेंडरी स्कूल और कॉलेजों में जाकर बच्चों की भी समय-समय पर सिकल सेल एनीमिया की जांच करनी होगी। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और नीतिगत प्रावधानों की जानकारी भी दी। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए बजट में 15 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। राज्य शासन ने भी सिकल सेल उन्मूलन जागरूकता और प्रबंधन के लिए राज्य हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन की स्थापना की है और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से अन्य कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित बच्चे नियमित योग एवं कसरत करें। घर के पौष्टिक खाने को महत्व दें और सादा सात्विक भोजन करें। उन्होंने बच्चों को फास्ट फूड एवं अन्य तैलीय आहार के सेवन से बचने की सलाह भी दी।

केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, आईसीएमआर सहित अन्य तकनीकी संस्थाओं के साथ समन्वय कर सिकल सेल रोग की जांच में प्रगति लाएं। उन्होंने जनजाति बहुल क्षेत्रों में सिकल सेल की जांच के लिए सघन कार्यक्रम चलाने की बात कही। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने स्वागत भाषण दिया।

मानव जीवन के समग्र विकास का उपक्रम है योग - स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री

स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार भोपाल में एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय योग ओलिंपियाड-2023 को संबोधित करते हुये

भोपाल, योग हजारों साल पुरानी विधा है। यह केवल शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि मानव जीवन के समग्र विकास का उपक्रम है। योग ने जीवन जीने की पद्धति विकसित की है। मनुष्य का प्रकृति के साथ संबंध का भाव योग से ही प्रारंभ हुआ है। श्रेष्ठ पद्धति से श्रेष्ठ जीवन जीने का उपक्रम योग ही है। ये बातें स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित रवींद्र भवन, भोपाल में एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय योग ओलिंपियाड 2023 के समापन समारोह में कहीं।

श्री परमार ने कहा कि यहां लघु भारत का दृश्य दिख रहा है। हमारा संकल्प देश को एकात्मकता के भाव के साथ एक करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग को पुनः उच्च स्थान दिलाया है। आज योग भारत ही नहीं विश्वभर में प्रसिद्धि पा रहा है। हम प्रदेश के स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम में योग को शामिल कर रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप भारतीय शिक्षा दर्शन, गौरवशाली संस्कृतिक विरासत, परंपराओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सही संदर्भ में बच्चों तक पहुंचायेंगे। उन्होंने कहा कि देश को विश्व में सिरमौर बनाने में योग का महत्वपूर्ण योगदान होगा। संकल्प लेकर आगे बढ़ें कि हम वैभवशाली, गौरवशाली, सर्वसंपन्न, सर्वशक्तिशाली एवं दुनिया का भरण पोषण करने वाले विश्वगुरु भारत के पुनर्निर्माण के चित्रकार हैं। आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 में ज्ञान के क्षेत्र में भारत विश्वमंच पर विश्वगुरु होगा।

श्री परमार ने तीन दिवसीय योग ओलिंपियाड में प्रतिभागिता कर विजयी हुए बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया। निदेशक एनसीईआरटी प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी एवं समन्वयिका श्रीमती गौरी श्रीवास्तव सहित देश भर के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए 600 से अधिक प्रतिभागी बच्चे एवं उनके गुरुजन उपस्थित रहे। संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल ने आभार माना।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
मुरैना, पन्ना, सिंगरौली, नीमच, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर एवं धार जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें
0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण
- कैरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अटेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

शक्तिकांत दास

दुनिया के बेस्ट गवर्नर का खिताब मिला

भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास को लंदन में सेंट्रल बैंकिंग अवार्ड्स-2023 में गवर्नर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान कोविड महामारी के दौरान लिए गए फैसलों और मुद्रास्फीति के कुशल प्रबंधन के लिए दिया गया है। ऑर्गेनाइजर्स ने बयान जारी करते हुए कहा, आरबीआई गवर्नर ने कई जरूरी फैसले लिए हैं। उनके कार्यकाल में वर्ल्ड लीडिंग यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस का तेजी से विस्तार हुआ। ज्ञात रहे कि सेंट्रल बैंकिंग एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक शोध पत्रिका है।

कनाडा में

सबसे ऊंचा जहरीला आईवी पौधा

कनाडा के ओंटारियो में दुनिया का सबसे ऊंचा 68 फीट का पौधा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। बेल प्रजाति का आईवी प्लांट अपने जहरीले असर के लिए जाना जाता है। यह रॉबर्ट फेड्रॉक के बगीचे में एक पेड़ के सहारे बढ़ा है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इसे दुनिया के सबसे ऊंचा आईवी पौधे के रूप में दर्ज किया है।

श्रीलंका में

किडनी से सबसे बड़ी पथरी निकाल बनाया रिकॉर्ड

श्रीलंकाई सेना के डॉक्टरों ने दुनिया में किडनी की सबसे बड़ी पथरी निकालकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। श्रीलंकाई सेना ने कहा है कि। जून को कोलंबो आर्मी हॉस्पिटल में 13.372 सेंटीमीटर लंबी और 801 ग्राम वजन की पथरी निकाली गई। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसकी पुष्टि कर दी है। यह सर्जरी लेफ्टिनेंट कर्नल डॉक्टर के. सुदर्शन, कैप्टन डॉक्टर पतिरना और डॉक्टर तमशा ने की। पिछले गिनीज रिकॉर्ड के हिसाब से 2004 में भारत में प्राप्त किडनी स्टोन 13 सेंटीमीटर का था।

अमेरिका ने

चीन से छीना डेवलपिंग स्टेटस

अमेरिकी संसद ने चीन को इकोनॉमिक फ्रंट पर तगड़ा झटका दिया है। यूएस सीनेट ने एक नए कानून को मंजूरी दी है। इसके मुताबिक चीन को अब अमेरिका किसी भी सूरत में विकासशील देश (डेवलपिंग कंट्री) का दर्जा नहीं देगा। इससे वर्ल्ड बैंक और दूसरे फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस से उसे अब आसानी से और कम ब्याज पर लोन नहीं मिल सकेगा।

जापान ने

समुद्र में बना डाली सुरंग

जापान फुकुशिमा परमाणु संयंत्र के जल को समुद्र में छोड़ना चाह रहा है, जबकि इसके रेडियोधर्मी होने की वजह से समुद्री जीवों के मृत हो जाने का खतरा है। हालांकि जापान का कहना है कि वह इसे शोधित करके समुद्र में डालेगा। इसके लिए उसने समुद्र के अंदर तट से 1 किलोमीटर की दूरी पर सुरंग भी बना डाली है। इसका बकायदा परीक्षण भी किया है। इस कदम का स्थानीय मछुआरा समुदाय और पड़ोसी देशों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

असमी जैन

एप कॉम्पिटिशन जीता टिम कुक ने तारीफ की

एपल के सीईओ टिम कुक ने एप कॉम्पिटिशन में चैंपियन बनी इंदौर की असमी जैन की तारीफ की है। 4 जून को अंतिम चरण में जीत के बाद असमी की मुलाकात टिम कुक से हुई। उन्होंने कहा असमी उसने युवा इनोवेशन में विश्व को नई दिशा दिखा रहे हैं। एपल डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी 23 के स्विफ्ट स्टूडेंट चैलेंज में स्विफ्ट कोड लैंग्वेज का इस्तेमाल कर ओरिजनल एप बनाना होता है। इसमें 30 देशों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।

कैरन काजी

स्पेस एक्स के टेक्निकल चैलेंजिंग इंटरव्यू को क्लियर किया

स्पेस एक्स के मालिक एलन मस्क ने 14 वर्षीय कैरन काजी को अपनी कंपनी में इंजीनियर का पद ऑफर किया है। कैरन ने स्पेस एक्स के टेक्निकल चैलेंजिंग इंटरव्यू को क्लियर करके दिखाया है। अब कैरन सबसे कम उम्र का स्पेस एक्स में कार्य करने वाला दुनिया का पहला बालक बन गया है। कैरन ने 11 वर्ष की उम्र से कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की थी। उसने इसी माह सैंटाक्लास यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की है।

अमेरिका में

रूबी 286 करोड़ रुपये में बिका

अमेरिका में 55.22 कैरेट के एक रूबी को 34.8 मिलियन डॉलर की रिकॉर्ड कीमत पर बेचा गया है। भारतीय रुपये में यह कीमत करीब 286 करोड़ रुपये है। यह रत्न पिछले साल मोजाम्बिक के काबो डेलगाडो राज्य के मॉटेपियोज क्षेत्र में स्थित खदान से मिला था। इस इलाके में चरमपंथी कई सालों से लड़ाई लड़ रहे हैं। काबो डेलगाडो एक गरीब क्षेत्र है, लेकिन इसमें विशाल खनिज भंडार हैं।

साइबेरिया

दुनिया के सबसे ठंडे इलाके में पारा 40 डिग्री पार

रूस के क्षेत्र का साइबेरिया का इलाका अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी गर्मी की लहर यानि हीटवेव का सामना कर रहा है। यहां का तापमान 40 डिग्री के पास पहुंच गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग के कारण पारा बढ़ा है। वैज्ञानिकों के अनुसार साइबेरिया सहित उन जगहों पर भी गर्मी देखी जा रही है, जहां तापमान बेहद ठंडा रहता है।

विक्टोरिया क्रिस्टिना

इटली की महारानी बनेंगी

मॉडल विक्टोरिया क्रिस्टिना 19 वर्ष की आयु में इटली की रानी बनने जा रही हैं। ऐसा इटली में पहली बार होगा कि कोई महिला तख्त पर बैठेगी। वर्तमान में इमानुएल फिलीबर्टो इटली के वेनिस के प्रिंस हैं। उन्होंने गद्दी पर अपना दावा छोड़ने का इरादा जताया है। क्रिस्टिना प्रिंस की बड़ी बेटी हैं और राजगद्दी की वारिस भी हैं।

फिलिप ग्रीन

भारत में ऑस्ट्रेलिया के नए उच्चायुक्त होंगे

फिलिप ग्रीन भारत में ऑस्ट्रेलिया के अगले उच्चायुक्त होंगे। वह अब तक जर्मनी में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत थे। वह भारत में बैरी ओ 'फारेल' की जगह लेंगे। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग ने ग्रीन की नियुक्ति की घोषणा की है। फिलिप इस समय जर्मनी में राजदूत हैं। पेनी ने नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पारस्परिक संबंधों को मजबूत बनाने में फिलिप मददगार साबित होंगे।

वैज्ञानिकों ने

सूर्य मिशन के लिए बनाया टेलीस्कोप

सूर्य का अध्ययन करने वाले भारतीय मिशन 'आदित्य एल-1' का अहम उपकरण 'सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप' (एसयूआइटी) तैयार हो गया है। पुणे के इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आइयूसीएए) के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में तैयार यह उपकरण इसरो को सौंप दिया गया है। इसके अगस्त के मध्य में लॉन्च होने की उम्मीद है। यह टेलीस्कोप सूर्य के फोटोस्फेयर से होने वाले विकिरण आदि के प्रभाव का अध्ययन होगा।

नुसरत जहां चौधरी

अमेरिका की पहली मुस्लिम महिला फेडरल जज होंगी

अमेरिका की सीनेट ने फेडरल जज के रूप में पहली मुस्लिम महिला नुसरत जहां चौधरी के नामांकन को मंजूरी दे दी है। चौधरी न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के लिए यूएफएस कोर्ट जज के रूप में काम करेंगी। उन्हें अमेरिका में पहली बांग्लादेशी-अमेरिकी और महिला मुस्लिम संघीय न्यायधीश बनाया गया है। सीनेट ने 50-49 के फैसले से उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। बता दें साल 1998 में नुसरत ने कोलंबिया विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन किया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने

ग्रैमी अवॉर्ड विजेता फालू के साथ मिलकर लिखा गीत

वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटे अनाज का फायदा बताने के लिए ग्रैमी पुरस्कार विजेता भारतवंशी गायिका फालू के साथ मिलकर गीत लिखा है। एबनडेंस इन मिलेट्स गाने को जल्द ही सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म पर अंग्रेजी और हिंदी में रिलीज किया जाएगा। इसकी पहुंच बढ़ाने के लिए इसे स्थानीय भाषाओं में भी अनुवाद किया जाएगा। ग्रैमी पुरस्कार विजेता फालू ने कहा कि यह गाना मोटे अनाज के महत्व को बताने वाला है।

2021 का

गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस को

वर्ष 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को प्रदान किया जाएगा। गीता प्रेस को यह पुरस्कार 'अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान' के लिए दिया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय ने अपने बयान में इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पुरस्कार में एक करोड़ रुपये, एक प्रशस्ति पत्र, एक पट्टिका और एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकला/हथकरघा वस्तु शामिल है।

स्मृति शेष

मशहूर भरतनाट्यम गुरु श्रीगणेशन की मौत

भरतनाट्यम के मशहूर गुरु श्री गणेशन का भुवनेश्वर में मंच प्रस्तुति के दौरान निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे। इस कार्यक्रम में गणेशन ने भंजकला मंडप का प्रदर्शन भी किया था। गणेशन मलेशिया भरतनाट्यम डांस एसोसिएशन के अध्यक्ष भी थे।

पुल्लिजर पुरस्कार से सम्मानित मैकार्थी नहीं रहे

पुल्लिजर पुरस्कार से सम्मानित उपन्यासकार कॉर्मैक मैकार्थी का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने द रोड, ब्लड मेरीडियन, ऑल द प्रिटी हॉर्सेज जैसे लोकप्रिय उपन्यास लिखे। मैकार्थी को 2007 में उनके उपन्यास 'द रोड' के लिए पुल्लिजर पुरस्कार दिया गया था। 1965 में उन्होंने पहला उपन्यास 'द ऑर्चार्ड कीपर' शिकागो में लिखा था। इसे रैंडम हाउस ने प्रकाशित किया था।

चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी जॉन हॉलिन्स का निधन

चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी जॉन हॉलिन्स का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। हॉलिन्स ने 1963 में अपने कैरियर की शुरुआत की थी। उन्होंने चेल्सी के लिए 592 बार मैदान पर उतरते हुए 64 गोल किए। 1985-88 तक वे चेल्सी टीम के कोच थे।

अभिनेता मंगल ढिल्लों का निधन

दूरदर्शन के धारावाहिक 'बुनियाद' से लोकप्रिय रहे अभिनेता मंगल ढिल्लों का 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने कई हिंदी और पंजाबी फिल्मों में भी अभिनय किया था।

'तितली उड़ी' लोकप्रिय गीत की गायिका शारदा का निधन

'तितली उड़ी', 'चले जाना जरा ठहरो' और 'देखो मेरा दिल मचल गया' जैसे लोकप्रिय गीतों की गायिका शारदा का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 60 और 70 के दशक में उन्होंने हिंदी फिल्मों के लिए कई गीत गाए, 'वो परी कहां से लाऊं' जैसे सदाबहार गीतों से उन्होंने फिल्म जगत में अपना स्थान बनाया। उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिल चुका था। उन्होंने ज्यादातर शंकर-जयकिशन के लिए गीत गाए थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर

गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर

E-mail ID : cepwdwest@mp.nic.in, Phone : 0731-2491825

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 06/सा/40/निविदा/2023-24 इंदौर, दिनांक : 19.06.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

क्र.	पोर्टल क्रमांक	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1.	2023_PW-DRB_285394_1	खंडवा	पंधाना दिवाल झिरन्या मार्ग (जिला सीमा) मार्ग निर्माण लं. 18.40 कि.मी. मय विद्युत कार्य सहित। **फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक द्वारा निर्माण**	2367.80	1183900/-	50000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
2.	2023_PW-DRB_285395_1	बुरहानपुर	हरदा से शिवाबाबा मार्ग लंबाई 6.00 किमी का निर्माण कार्य।	603.95	603950/-	20000/-	10 माह वर्षाकाल सहित
3.	2023_PW-DRB_285397_1	बुरहानपुर	धामनगांव से नान्दगांव मार्ग लंबाई 4.80 किमी का निर्माण कार्य।	530.08	530080/-	20000/-	10 माह वर्षाकाल सहित
4.	2023_PW-DRB_285398_1	बुरहानपुर	दरियापुर से दूधिया मार्ग लंबाई 5.90 किमी का निर्माण कार्य।	511.05	511050/-	20000/-	10 माह वर्षाकाल सहित
5.	2023_PW-DRB_285399_1	बुरहानपुर	नान्दखेड़ा से सांडस मार्ग लंबाई 6.50 किमी का निर्माण कार्य।	561.34	561340/-	20000/-	10 माह वर्षाकाल सहित
6.	2023_PW-DRB_285401_1	खंडवा	हनुवंतिया टापू से धारूकवाड़ी गुलगांव रैयत जामकोटा बांगरदा मार्ग निर्माण का शेष कार्य लंबाई 9.88 किमी मय विद्युत कार्य।	1434.12	1000000/-	30000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
7.	2023_PW-DRB_285402_1	धार	छोटा उंडवा से नयापाडा से नवोदय मुलथान मार्ग लं. 7.20 किमी का निर्माण मय एलटीएचटी पोल शिफ्टिंग कार्य।	555.35	555350/-	20000/-	10 माह वर्षाकाल सहित
8.	2023_PW-DRB_285403_1	बड़वानी	केली से सकल-घाट उमरबेड़ा लंबाई 8.135 किमी का निर्माण कार्य मय विद्युत कार्य सहित (छठवां आमंत्रण)	846.17	846170/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
9.	2023_PW-DRB_285404_1	बड़वानी	आमझिरी से शिवन्या मार्ग लंबाई 7.20 किमी का निर्माण कार्य मय विद्युत कार्य सहित। (छठवां आमंत्रण)	511.20	511200/-	20000/-	10 माह वर्षाकाल सहित
10.	2023_PW-DRB_285405_1	बुरहानपुर	डवालीखुर्द से डवालीकला नावथा सोनुद जामनिया खकनार मार्ग लंबाई 12.00 किमी में मजबूतीकरण कार्य। (छठवां आमंत्रण	1042.67	1000000/-	30000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
11.	2023_PW-DRB_285406_1	बुरहानपुर	निम्बोला मंगरूल ठाठर बलड़ी उमाम्बी बोरी बुजुर्ग मार्ग लं. 2.40 चैनेज 13200 से 19500 मी. 6.30 किमी में मजबूतीकरण कार्य (छठवां आमंत्रण)	622.98	622980/-	20000/-	10 माह वर्षाकाल सहित
12.	2023_PW-DRB_285408_1	बुरहानपुर	मोहद जामली कुरा काकोड़ा मार्ग लं. 8.50 कि.मी.। (पांचवां आमंत्रण	925.18	925180/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
13.	2023_PW-DRB_285411_1	बुरहानपुर	उसारणी से तारापाटी चिल्लारा पहुंच मार्ग लं. 6.50 किमी का निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	1054.35	1000000/-	30000/-	14 माह वर्षाकाल सहित
	महायोग			**114790.57 लाख**			

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय **दिनांक 30.06.2023 17.30 तक** निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जावेगा। सभी दस्तावेज केवल ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रस्तुत करें। भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजे जावें।

जी- 15427/48697/2023 **मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर**

PROJECT DIRECTOR, ATAL BHUJAL YOJANA
STATE PROGRAM MANAGEMENT UNIT

"Water Resources Department"
Government of Madhya Pradesh
Near Kolar Guest House, Link Road No. 3, Bhopal-462016, Madhya Pradesh
Ph. No. : 0755-2424207, E-mail : segwsbpl@ymail.com

PD/ABHY/SPMU/2020-21/T.S/546 **Date : 09.06.2023**

INVITE APPLICATIONS FOR POST OF ACCOUNT OFFICER ON DEPUTATION

Applications are invited for the Post of Account Officer from the eligible candidate working in Central Government/State Government/PSU/Universities to work in State Programme Management Unit (SPMU) Atal Bhujal Yojana, Bhopal (M.P.) which is being funded by Government of India and the World Bank. The programme is upto April 2025 which may be extended for another 2 years. The essential qualifications & pay scale for the post are as under :-

S. No.	Name of Post	Pay Scale	No. of Post	Qualification & Experience
1.	Account Officer	As per 7th Pay Commission Basic Salary Rs. 56,100/- + D.A. + HRA (As per MP State Rule)	01	Post Graduate in relevant field combined with minimum 10 years experience in similar field and must have working experience in Accounting System on PFMS Platform

Note :

- For other details, job description, application form and terms of reference please visit Water Resources Department, Govt. of Madhya Pradesh Website **www.mpwrd.gov.in**
- Applications for suitable and eligible Officers may please send through email with due NOC from the Parent Organization at **pdspmu.abhy.bpl@mp.gov.in** or it could be sent by post to Project Director, Atal Bhujal Yojana, State Program Management Unit "Water Resources Department" Government of Madhya Pradesh Near Kolar Guest House, Link Road No. 3, Bhopal-462016, Madhya Pradesh
- The last date for submission of Application is **15.07.2023.**

Project Director

G-15387/48701/2023 **SPMU, Atal Bhu-Jal Yojana, Bhopal**

पोर्टल से जमा करायें श्रम कल्याण मंडल को अभिदाय राशि - कल्याण आयुक्त

भोपाल, मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल के कल्याण आयुक्त श्री रत्नाकर झा ने मध्यप्रदेश कल्याण निधि अधिनियम 1982 एवं नियम 1984 के अन्तर्गत आने वाली प्रदेश की समस्त औद्योगिक इकाइयों तथा प्रतिष्ठानों के प्रबंधकों से नियमानुसार अभिदाय राशि पोर्टल के माध्यम से यथाशीघ्र मंडल में जमा कराने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान अभिदाय राशि जमा नहीं करवाई पाया जाने पर ऐसे संस्थान और प्रतिष्ठान के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

कल्याण आयुक्त ने कहा कि कारखानों तथा ऐसे समस्त प्रतिष्ठान, जिनमें 9 से अधिक श्रमिक/कर्मचारी कार्यरत हैं और उनका नाम कैलेण्डर वर्ष में जनवरी से दिसम्बर तक 30 कार्य दिवसों का दर्ज है, को नियमानुसार अभिदाय राशि प्रत्येक छः माह में जून एवं दिसम्बर माह के अंतिम सप्ताह तक मंडल को निर्धारित प्रारूप में https://shramkalyanmandal.mponline.gov.in पोर्टल पर जमा कराना अनिवार्य है। ऐसे प्रतिष्ठानों में होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल, नर्सिंग होम, निजी स्कूल एवं कॉलेज, सिक्यूरिटी एजेन्सी, आउट सोर्स एजेन्सी सर्विस सेक्टर के प्रतिष्ठान, गैस एजेन्सी, व्यापार अथवा व्यवसाय करने वाले प्रतिष्ठान शामिल हैं।

मंडल द्वारा श्रम कल्याण निधि का उपयोग श्रमिक कर्मचारियों तथा उनके परिवार की सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को संचालित करने के लिये किया जाता है। प्रबंधकों का यह नैतिक दायित्व है कि उद्योग में कार्यरत श्रमिकों को मंडल की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रेरित करें।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 03.11.2022, दिनांक 09.06.2023

राज्य सेवा परीक्षा 2022

01 आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक पदों की पूर्ति हेतु ''राज्य सेवा परीक्षा-2022'' का विज्ञापन क्रमांक 11/2022, दिनांक 30.12.2022 आयोग की वेबसाइट **http://www.mppsc.mp.gov.in/** पर जारी किया गया है।

02. उक्त विज्ञापन में उल्लेखित रिक्ति विवरण के स.क्र. 08 में दर्शित श्रम पदाधिकारी (मुख्य निरीक्षक, मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम) के पद के रिक्ति विवरण में विभाग से प्राप्त मांगपत्र के अनुरूप निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

स. क्र.	विभाग एवं पदनाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					मध्यप्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित पद संख्या					मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या				पदों की कुल संख्या	वेतनमान
		UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	LD	VH	HH	MD		
द्वितीय श्रेणी राजपत्रित																							
	श्रम विभाग																						
8.	श्रम पदाधिकारी (मुख्य निरीक्षक, मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम)	0	0	1	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	2	15600-39100+ 5400 ग्रेड पे

उक्त संयोजन के फलस्वरूप राज्य सेवा परीक्षा 2022 हेतु विज्ञापित कुल पदों की संख्या 457 हो गई है।

03 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-15075/48680/2023 **उप सचिव**

कार्यालय प्राचार्य, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनु.जा.)
35, श्यामला हिल्स, भोपाल
ISO:9001:2008

E-MAIL ID - petcsc.bpl@gmail.com, दूरभाष क्रमांक : 0755-2666615

पत्र क्र./प्रशि./36/2023/939 **भोपाल, दिनांक : 14.06.2023**

अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए
निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु (यथा रेल्वे, पी.ई.बी. व बैंक) परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, 35 श्यामला हिल्स भोपाल में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति वर्ग के अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभ्यर्थियों से निम्नलिखित शर्तों के साथ आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

1. आवेदक म.प्र. राज्य का अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति वर्ग का सदस्य हो।
2. आवेदक के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रुपये 6.00 लाख से अधिक न हो।
3. आवेदक ने स्नातक परीक्षा न्यूनतम 55% या अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हो।
4. केन्द्र में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष व अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष है।
5. प्रशिक्षण प्रारंभ की संभावित तिथि 17 जुलाई 2023 है।
6. प्रशिक्षण पूर्णकालिक है अतः प्रशिक्षणार्थी को किसी भी महाविद्यालय/पाठ्यक्रम में नियमित अध्ययनरत नहीं होना चाहिए। प्रवेश के समय टी.सी. जमा करना अनिवार्य होगा।
7. प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार शिष्यवृत्ति/छात्रवृत्ति व आवास सहायता प्रदान की जाती है।
8. प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा।
9. प्रशिक्षण की कुल अवधि 06 माह होगी।
10. आवेदक ने अनुसूचित जाति विकास के अंतर्गत संचालित किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त न किया हो।

उपरोक्तानुसार पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक अभिलेखों की छायाप्रतियों के साथ **दिनांक 30 जून 2023 तक** संस्थान के **E-mail : petcsc.bpl@gmail.com** अथवा डाक से या व्यक्तिगत रूप से परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में सम्पर्क कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिये परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल के दूरभाष क्रमांक 0755-2666615 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राचार्य
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र
श्यामला हिल्स, भोपाल

कार्यालय
प्राचार्य, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स भोपाल
ISO:9001:2008
E-mail : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615
बैंकिंग, रेल्वे एवं पी.ई.बी. परीक्षा 2023 में प्रशिक्षण हेतु आवेदन

फोटो

1. पूरा नाम (1) हिन्दी में .....
   (2) अंग्रेजी में .....
2. पिताजी का नाम .....
3. माता का नाम .....
4. जन्म दिनांक .....
5. पत्र व्यवहार का पता .....
   जिला.....पिन कोड.....
6. स्थायी पता .....
   ग्राम.....तहसील.....
   जिला.....पिन कोड.....
7. जाति .....
8. उपजाति .....
9. परिवार के मुखिया का व्यवसाय .....
10. मुखिया की वार्षिक आय .....
11. स्वयं का मो.नं. .....
12. पिता का मो.नं. .....
13. स्वयं का व्यवसाय/सर्विस यदि हो तो .....
14. स्वयं की वार्षिक आय .....
15. आवेदक का ई-मेल आईडी .....
16. आवेदक का आधार कार्ड क्र. .....

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग हरदा
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 13/व.ले.लि./2023-24 **हरदा, दिनांक : 16.06.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (लाख में)
1.	2023_PWDRB_ 284688	हरदा	निर्माण कार्य	मसनगांव से गांगला मार्ग निर्माण कार्य लं. 1.5 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 206.69 लाख
2.	2023_PWDRB_ 284691	हरदा	निर्माण कार्य	उचान घाट मंदिर से प्रधानमंत्री सड़क तक मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 1.00 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 145.30 लाख
3.	2023_PWDRB_ 284693	हरदा	निर्माण कार्य	खामगांव से कासरनी मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.50 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 440.28 लाख
4.	2023_PWDRB_ 284694	हरदा	निर्माण कार्य	हरदा मगरधा मार्ग से नकवाड़ा नहर होते हुए सिंघखेड़ा मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.00 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 365.92 लाख
5.	2023_PWDRB_ 284695	हरदा	निर्माण कार्य	पीलियाखाल अण्डरब्रिज से हरदा नर्मदापुरम मार्ग तक निर्माण कार्य लंबाई 1.95 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 276.48 लाख
6.	2023_PWDRB_ 284699	हरदा	निर्माण कार्य	नयापुरा हंडिया मुडेल टपपर से हेमापुरा मेन रोड हंडिया तक मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.50 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 361.3 लाख
7.	2023_PWDRB_ 284700	हरदा	निर्माण कार्य	नकवाड़ा से जिजगांव बजरंग मंदिर के सामने तक मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.00 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 358.07 लाख
8.	2023_PWDRB_ 284701	हरदा	निर्माण कार्य	पटेल बाबा आश्रम से शमशाबाद कॉलोनी मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 1.25 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 176.68 लाख
9.	2023_PWDRB_ 284702	हरदा	निर्माण कार्य	लालमाटी से छुरीखाल निर्माण कार्य लंबाई 2.00 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 288.96 लाख
10.	2023_PWDRB_ 284703	हरदा	निर्माण कार्य	बूदड़ा से घुरगाडा निर्माण कार्य लंबाई 3.00 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 262.14 लाख
11.	2023_PWDRB_ 284704	हरदा	निर्माण कार्य	संवासा पुलिया नहर से घोडाकुन्ड (गाग्याखेडी) से रूदलाय से गोगिया से इकडालिया तक निर्माण कार्य लं. 1.50 कि.मी.	प्रथम आमंत्रण	रु. 130.12 लाख

उपरोक्त निविदा वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 01.07.2023 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी-15247/48683/2023 **कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भ/स संभाग हरदा**

17. शैक्षणिक योग्यता -

क्र.	शिक्षा (संकाय सहित)	विषय	मण्डल/वि.वि.	प्रतिशत	रिमार्क
01	हाईस्कूल				
02	हायर सेकेण्ड्री				
03	स्नातक				

18. यदि पूर्व में किसी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए हैं तो प्रशिक्षण केन्द्र का नाम..... प्रशिक्षण का प्रकार.....तथा प्रशिक्षण लेने का वर्ष..... तथा समयावधि.....में .....तक

19. संलग्न किये जाने वाले अभिलेख
   1. हाईस्कूल, हायर सेकेण्ड्री, स्नातक, अंकसूची की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
   2. आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र निवासी प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
   3. अंतिम शैक्षणिक सत्र की मूल टी सी (Transfer Certificate) जमा करना अनिवार्य है।
   4. आधार कार्ड की छायाप्रति।

घोषणा पत्र

मैं.....घोषणा करता हूं/करती हूं कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। जानकारी गलत या भ्रामक होने की स्थिति में मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही मेरी स्वयं की होगी।

हस्ताक्षर.....
आवेदनकर्ता का नाम.....
मोबाइल नं. .....

जी-15083/48677/2023

कार्यालय, प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स भोपाल

E-mail : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615

पत्र/प्रशि/न.स-36/2023/941 भोपाल, दिनांक : 14.06.2023

(विज्ञप्ति)
राज्य सेवा परीक्षा 2022 की प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने की संभावना वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन

म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा परीक्षा 2022 की प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने की संभावना वाले मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र श्यामला हिल्स भोपाल में निम्नशर्तों के अधीन आवेदन पर आमंत्रित किये जाते हैं।

1. आवेदक म.प्र. राज्य का अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य हो।
2. आवेदक के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रुपये 6.00 लाख से अधिक न हो।
3. आवेदक को म.प्र. राज्य सेवा परीक्षा 2022 की प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने की संभावना है। अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए लगभग 140 अंक व अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 134 अंक आने की संभावना वाले अभ्यर्थी इस प्रशिक्षण हेतु पात्र होंगे।
4. केन्द्र में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष व अधिकतम 35 वर्ष है।
5. आवेदक ने स्नातक परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की हो।
6. प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा।
7. पी.एस.सी. 2022 की मुख्य परीक्षा प्रशिक्षण की कुल अवधि पी.एस.सी. 2022 मुख्य परीक्षा होने तक अथवा 06 माह जो भी कम हो तक होगी। पी.एस.सी. की प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम आने के बाद असफल अभ्यर्थियों का नाम प्रशिक्षण से निरस्त कर दिया जावेगा।
8. प्रशिक्षण पूर्णकालिक है अतः प्रशिक्षणार्थी को किसी भी महाविद्यालय/पाठ्यक्रम में नियमित अध्ययनरत नहीं होना चाहिए प्रवेश के समय मूल टी.सी. जमा कराना अनिवार्य होगा।
9. आवेदक ने अनुसूचित जाति विकास के अंतर्गत संचालित किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त न किया हो।
10. प्रशिक्षण प्रारंभ होने का संभावित **दिनांक 03 जुलाई 2023** है।

उपरोक्तानुसार पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक अभिलेखों की छायाप्रतियों के साथ दिनांक 30 जून 2023 तक संस्थान के **E-mail : petcsc.bpl@gmail.com** अथवा डाक से या व्यक्तिगत रूप से परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में सम्पर्क कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिये परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल के दूरभाष क्रमांक 0755-2666615 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राचार्य
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र
भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय, प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स भोपाल
ISO:9001:2008
E-mail : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615

फोटो

राज्य सेवा परीक्षा 2022 (मुख्य परीक्षा)

1. पूरा नाम (1) हिन्दी में .....
   (2) अंग्रेजी में .....
2. पिताजी का नाम .....
3. माता का नाम .....
4. जन्म दिनांक .....
5. पत्र व्यवहार का पता .....
   जिला.....पिन कोड.....
6. स्थायी पता .....
   ग्राम.....तहसील.....
   जिला.....पिन कोड.....
7. जाति .....
8. उपजाति .....
9. परिवार के मुखिया का व्यवसाय .....
10. मुखिया की वार्षिक आय .....
11. स्वयं का मो.नं. .....
12. पिता का मो.नं. .....
13. स्वयं का व्यवसाय/सर्विस यदि हो तो .....
14. स्वयं की वार्षिक आय .....
15. आवेदक का ई-मेल आईडी .....
16. आवेदक का आधार कार्ड क्र. .....
17. शैक्षणिक योग्यता -

क्र.	शिक्षा (संकाय सहित)	विषय	मण्डल/वि.वि.	प्रतिशत	रिमार्क
01	हाईस्कूल				
02	हायर सेकेण्ड्री				
03	स्नातक				

18. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 2022 के सम्भावित प्राप्तांक .....
19. यदि पूर्व में किसी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए हैं तो प्रशिक्षण केन्द्र का नाम.....
    प्रशिक्षण का प्रकार.....तथा प्रशिक्षण लेने का वर्ष.....
    तथा समयावधि.....में.....तक
20. संलग्न किये जाने वाले अभिलेख
    1. हाईस्कूल, हायर सेकेण्ड्री, स्नातक, अंकसूची की अभिप्रमाणिक छायाप्रति।
    2. आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र निवासी प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
    3. अंतिम शैक्षणिक सत्र की मूल टी सी (Transfer certificate) जमा करना अनिवार्य है।
    4. आधार कार्ड की छायाप्रति।

घोषणा पत्र

मैं.....घोषणा करता हूं/करती हूं कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। जानकारी गलत या भ्रामक होने की स्थिति में मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही मेरी स्वयं की होगी।

हस्ताक्षर.....
आवेदनकर्ता का नाम.....
मोबाइल नं. .....

जी-15203/48681/2023

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल

(भूतल 'ग' विंग सतपुड़ा भवन भोपाल 462004)
दूरभाष - 07577-2551594, फैक्स - 0755-2577729, ई-मेल - cephbpl@mp.nic.in

क्रमांक 1559/नि.प्रकोष्ठ/मु.अ./लोस्वायांवि/परिक्षेत्र भोपाल, दिनांक : 14.06.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http:www.mpeproc.gov.in** पर हरदा जिले के अंतर्गत विकासखण्ड हरदा, खिरकिया एवं टिमरनी के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल, पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, विद्युत संयोजन एवं अन्य कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम क्र.	विकास खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	आमंत्रण क्रमांक	ठेकेदार की श्रेणी
16/ 2023-24	283927	टिमरनी	11	509.47	509470	20000	6 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
17/ 2023-24	284084	टिमरनी	16	533.90	533900	20000	6 माह वर्षाकाल सहित		
18/ 2023-24	284115	टिमरनी	23	857.41	857410	20000	6 माह वर्षाकाल सहित		
19/ 2023-24	284134	टिमरनी	08	626.27	626270	20000	6 माह वर्षाकाल सहित		
20/ 2023-24	284153	टिमरनी	12	514.47	514470	20000	6 माह वर्षाकाल सहित		
21/ 2023-24	284174	टिमरनी	14	604.21	604210	20000	6 माह वर्षाकाल सहित		
22/ 2023-24	284197	खिरकिया	15	616.81	616810	20000	6 माह वर्षाकाल सहित		
23/ 2023-24	284208	खिरकिया	15	704.44	704440	20000	6 माह वर्षाकाल सहित		
24/ 2023-24	284219	खिरकिया	24	770.22	770220	20000	6 माह वर्षाकाल सहित		
25/ 2023-24	284226	खिरकिया	17	507.31	507310	20000	6 माह वर्षाकाल सहित		
26/ 2023-24	284234	हरदा, खिरकिया, टिमरनी	15	545.59	545590	20000	6 माह वर्षाकाल सहित		

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि **30.06.2023** 18.00 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 30.06.2023 18.00 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि 01.07.2023 18.00 बजे

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

मुख्य अभियंता
जी-15277/48685/2023 **लोक स्वा.यां. विभाग भोपाल परिक्षेत्र भोपाल**

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग,
सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 09/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र)/ वर्ष 2023-24 **भोपाल, दिनांक 23.05.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **वेबसाइट : www.mptenders.gov.in पर** देखा जा सकता है।

कार्य का नाम : 1. भोपाल शहर के प्रभात पेट्रोल पम्प मार्ग के ऐशबाग क्षेत्र में फ्लाय ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य की निविदा ई. पी.सी. मोड पर।

टेण्डर क्र. तथा सम्पूर्ण	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण प्रकार	कार्य की अनु. क्र.	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस राशि (रु. निविदा से संबंधित लाख में) दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_ 278430_1	भोपाल	पुल कार्य	प्रथम	4843.27	केवल ऑनलाइन
	योग			**4843.27**	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम **तिथि 07.07.2023 (17:30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता
जी-15411/48698/2023/ **लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल**

क्रमांक 27150001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1428

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई.मेल : mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक - 546/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक : 16.06.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 04.07.2023 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2023_WRD_273969	प्रोजेक्ट हॉस्टल भवन, भोपाल में वि./यां. संभाग एवं उपसंभाग कार्यालय के हाउसकीपिंग का कार्य।	भोपाल	8.03
2.	2023_WRD_275939	बाणसागर मुख्य बांध में स्थापित 18 नग रेडियल गेट मीटर 160 टन क्षमता के व्हाईस्टिंग अरेंजमेंट कन्ट्रोल पैनल एवं पावर सप्लाई सिस्टम का वर्षाकाल पूर्व वार्षिक अनुरक्षण कार्य।	शहडोल	12.07
3.	2023_WRD_275941	महान परियोजना अंतर्गत गुलाब सागर बांध में स्थापित (70 एम.टी. क्षमता के इलेक्ट्रिकल व्हाईस्ट मय) 06 नग रेडियल क्रेस्ट का वर्षाकाल पूर्व वार्षिक अनुरक्षण का कार्य।	शहडोल	4.19
4.	2023_WRD_277435	मोहनपुरा बांध के पाटनरोड़ पुनर्वास कॉलोनी में जल प्रदाय हेतु स्लूस वाल्व का प्रदाय।	भोपाल	1.48
5.	2023_WRD_277442	मोहनपुरा बांध के विश्राम गृह में जल प्रदाय हेतु पंप एवं एच.डी.पी.ई. पाइप का प्रदाय एवं बिछाने का कार्य।	भोपाल	4.37
6.	2023_WRD_277444	मोहनपुरा बांध के इलेक्ट्रिक पोल, हाइड्रोलिक ऑइल पाइप लाइन एवं रेलिंग की पेंटिंग का कार्य।	भोपाल	6.60
7.	2023_WRD_280217	सुठालिया सिंचाई परियोजना के ग्राम गूजरखेड़ी के 1.1 के.वी. फीडर की हाइट बढ़ाने एवं शिफ्टिंग का कार्य।	भोपाल	10.79
8.	2023_WRD_280219	राजीव सागर बांध के स्लूस गेट का अंडर वाटर सुधार कार्य।	भोपाल	3.60
9.	2023_WRD_280220	मुंडला बांध के हाइड्रोलिक गेट्स का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	7.90
10.	2023_WRD_280221	पार्वती परियोजना के ग्राम भेरूपुरा पर 11 के.वी. लाइन एवं एल.टी. लाइन की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य।	भोपाल	6.47
11.	2023_WRD_280544	बाणसागर मुख्य बांध के व्हाईस्ट ब्रिज दोनों छोर में लगी स्ट्रीट लाईट तथा मुख्य बांध के कंट्रोल रूम एवं बैरियर्स की आंतरिक प्रकाश व्यवस्था का वार्षिक सुधार कार्य।	शहडोल	6.54
12.	2023_WRD_280890	सीप कोलार लिंक परियोजना बांध, कालदेव एवं घोड़पछाड़ बांध के सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	1.91
13.	2023_WRD_281182	नहलेसरा जलाशय के चैन क्र. 48 में सीमेंट कांक्रीट रोड का निर्माण कार्य।	बालाघाट	2.97
14.	2023_WRD_281183	जमुनिया जलाशय की बुदबुदा, लोहागरी, अर्जुनी, डोरली फीडर, कोसमी, बालाघाट उमरी एवं लोहमारा माईनरों का मरम्मत कार्य।		3.79
15.	2023_WRD_281497	मोहिनी सागर कालोनी, शिवपुरी में विभिन्न प्रकार के आवासीय स्थापन तथा शौचालय आदि का मरम्मत कार्य।	शिवपुरी	8.82
16.	2023_WRD_281518	लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग, शाजापुर के निरीक्षण वाहन किराये पर लेना।	उज्जैन	3.72
17.	2023_WRD_281564	राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना हेतु मासिक 04 नग वाहन किराये पर लेना।	भोपाल	15.58
18.	2023_WRD_281682	सागर नदी जलाशय की मुख्य नहर के आर.डी. 2160 मी. में व्ही.आर.बी. में स्लेब का निर्माण कार्य।	सिवनी	2.99
19.	2023_WRD_281788	बरियारपुर मुख्य नहर एवं वितरिकाओं का मरम्मत कार्य।	छतरपुर	6.47
20.	2023_WRD_281790	सिंहपुर मुख्य नहर एवं वितरिकाओं का मरम्मत कार्य।	छतरपुर	5.85
21.	2023_WRD_281834	हर्रई, नान्दना एवं घोघरी जलाशय का सुधार कार्य।	छिंदवाड़ा	17.45
22.	2023_WRD_281843	तवा परियोजना की हंडिया शाखा नहर प्रणाली की अजनई उपनहर की आर.डी. 12.09 से 21.00 कि.मी. के मध्य नहर मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य।	हरदा	11.51
23.	2023_WRD_281874	तवा परियोजना की हंडिया शाखा नहर प्रणाली की हरदा उपनहर की आर.डी. 12 से 21.00 कि.मी. में मध्य नहर मरम्मत एवं मिट्टी का कार्य।	हरदा	14.28
24.	2023_WRD_281875	तवा परियोजना की हंडिया शाखा नहर प्रणाली की हरदा उपनहर की आर.डी. 0 से 12.00 कि.मी. नहर मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य।	हरदा	13.12
25.	2023_WRD_281917	घोघरा परियोजना की करंजखेड़ा बैराज कम कॉजवे पर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	सीहोर	5.89
26.	2023_WRD_282227	कुण्डालिया बांध एवं रेस्ट हाउस का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	राजगढ़	19.84
27.	2023_WRD_282384	आधार सागर तालाब के नहर कार्य का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	पन्ना	6.14
28.	2023_WRD_282396	रेतम बैराज की मुख्य नहर एवं माईनर प्रणाली के रखरखाव एवं मरम्मत कार्य।	मंदसौर	6.09
29.	2023_WRD_282398	काका साहब गाडगिल सागर परियोजना पर बांध सुरक्षा एवं पेट्रोलिंग हेतु कामगारों का प्रदाय।	मंदसौर	9.54
30.	2023_WRD_282399	रेतम बैराज परियोजना पर बांध एवं पेट्रोलिंग हेतु कामगारों का प्रदाय।	मंदसौर	7.82

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1 ग्वालियर

Phone : 0751-2371231, Email : eepwd1gwl@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 19 ग्वालियर, दिनांक : 16.06.2023

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. की ओर से निम्नांकित कार्यों हेतु भवन/सड़क कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 15.09.22/25.03.22 तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित मोहरबंद निविदायें नवीन निविदा फार्म 2.10 में आमंत्रित की जाती है, प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदायें डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। पोस्टल विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. विधानसभा-18 भितरवार ग्वालियर के ग्राम पंचायत मस्तूरा में गिर्राज जाट की डी.पी. से बंटी बिहारी की कुठहिया की ओर मुरमीकृत (ग्रेबल) रोड का निर्माण कार्य (विधायक निधि)

निविदा प्रपत्र की राशि एवं फार्म	1. ठेके की अनुमा. लागत (लाख में) 2. अमानत राशि	3. कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक	4. निविदा प्राप्ति का दिनांक 5. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि सं.क्र.-1 ग्वा.	6. निविदा खोलने का दिनांक 7. कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोनिवि सं.क्र.-1 ग्वा.	8. कार्य पूर्ण करने की अवधि 9. ठेकेदार की श्रेणी 10. आमंत्रण क्र.
2000/- अ	9.94 लाख 20000/-	**26.06.2023**	27.06.2023	28.06.2023	02 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. विधानसभा-18 भितरवार ग्वालियर के ग्राम पंचायत मस्तूरा में नीलू जाट के डेरा से सत्तू सरदार के डेरा की ओर मुरमीकृत (ग्रेबल) रोड का निर्माण कार्य (विधायक निधि)

2000/- अ	9.98 लाख 20000/-	26.06.2023	27.06.2023	28.06.2023	02 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. विधानसभा-18 भितरवार ग्वालियर के ग्राम पंचायत मस्तूरा में मस्तूरा चक से सोनू सरदार के डेरा की ओर मुरमीकृत (ग्रेबल) रोड का निर्माण कार्य (विधायक निधि)

2000/- अ	9.97 लाख 20000/-	26.06.2023	27.06.2023	28.06.2023	02 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. विधानसभा-18 भितरवार ग्वालियर के ग्राम पंचायत मस्तूरा में प्रताप सिंह जाट के खेत से जाटव मोहल्ला की ओर मुरमीकृत (ग्रेबल) रोड का निर्माण कार्य (विधायक निधि)

2000/- अ	9.91 लाख 20000/-	26.06.2023	27.06.2023	28.06.2023	02 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. विधानसभा-18 भितरवार ग्वालियर के ग्राम पंचायत बॉसोडी में हनुमान मंदिर के पास से नहर तक मुरमीकृत (ग्रेबल) रोड का निर्माण कार्य (विधायक निधि)

2000/- अ	9.92 लाख 20000/-	26.06.2023	27.06.2023	28.06.2023	02 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. विधानसभा-18 भितरवार ग्वालियर के ग्राम पंचायत बॉसोडी में खेल मैदान से भूरा यादव के डेरा की ओर मुरमीकृत (ग्रेबल) रोड का निर्माण कार्य (विधायक निधि)

2000/- अ	9.98 लाख 20000/-	26.06.2023	27.06.2023	28.06.2023	02 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. विधानसभा-18 भितरवार ग्वालियर के ग्राम पंचायत बॉसोडी में रामेश्वर के खेत से नहर पट्टा तक मुरमीकृत (ग्रेबल) रोड का निर्माण कार्य (विधायक निधि)

2000/- अ	9.97 लाख 20000/-	26.06.2023	27.06.2023	28.06.2023	02 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

कार्य की अधिकतम अनुमानित लागत - 9.98 लाख

कुल कार्य संख्या - 07

कार्यपालन यंत्री

जी-15241/48682/2023 लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1 ग्वालियर

31.	2023_WRD_282952	महिया बांध में 125 के.व्ही.ए. जनरेटर सेट का प्रदाय स्थापना का अन्य कार्य।	सागर	17.26
32.	2023_WRD_283074	तवा बांयी तट मुख्य नहर की भिलाड़िया उपनहर चैन क्र. 710 पर स्थित नर्मदापुरम् क्षतिग्रस्त व्ही.आर.बी. का विशेष मरम्मत कार्य।		1.63
33.	2023_WRD_283076	तवा बांयी तट मुख्य नहर की भिलाड़िया उपनहर चैन क्र. 602 पर स्थित नर्मदापुरम् क्षतिग्रस्त व्ही.आर.बी. का विशेष मरम्मत कार्य।		4.66
34.	2023_WRD_283077	तवा बांयी तट मुख्य नहर की चवोरा उपनहर चैन क्र. 118 पर स्थित नर्मदापुरम् क्षतिग्रस्त एच.आर. का विशेष मरम्मत कार्य।		4.97
35.	2023_WRD_283079	तवा बांयी तट मुख्य नहर की भिलाड़िया उपनहर की बांसनिया माईनर की नर्मदापुरम् चैन क्र. 02 पर क्षतिग्रस्त फाल का विशेष मरम्मत कार्य।		4.04
36.	2023_WRD_283080	तवा बांयी तट मुख्य नहर की दवाड़िया उपनहर चैन क्र. 52 पर स्थित नर्मदापुरम् क्षतिग्रस्त व्ही.आर.बी. का विशेष मरम्मत कार्य।		4.99
37.	2023_WRD_283377	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की तजपुरा उपनहर में मरम्मत एवं लाईनिंग का कार्य।	सीहोर	19.99
38.	2023_WRD_283388	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की निपानिया माइनर में लाईनिंग का पुनर्निर्माण कार्य।	सीहोर	18.73
39.	2023_WRD_283396	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की आर.डी. 8950 मी. से 9150 मी. तक मरम्मत एवं लाईनिंग तथा आर.डी. 11300 मी. पर फाल का पुनर्निर्माण कार्य।	सीहोर	16.78
40.	2023_WRD_283398	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की राला उपनहर की आर.डी. 3000 मी. से 5600 मी. के मध्य एवं अंतरालिया उपनहर की आर.डी. 5500 मी. से 8000 मी. के मध्यम मरम्मत का कार्य।	सीहोर	15.79
41.	2023_WRD_283415	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की खात्याखेड़ी माइनर में लाईनिंग का पुनर्निर्माण कार्य।	सीहोर	14.91
42.	2023_WRD_283425	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की इटारसी माइनर एवं इटारसी उपनहर में मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	सीहोर	11.57
43.	2023_WRD_283429	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की आर.डी. 13000 से 14600 मी. के मध्य मिट्टी का कार्य।	सीहोर	2.23
44.	2023_WRD_283803	इमलिया तालाब योजना की नहर की आर.डी. 1560 मी. से 1760 मी. एवं आर.डी. 2040 मी. में खुदाई कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	पन्ना	18.38
45.	2023_WRD_283860	बृजपुर तालाब के फीडर नहर का निर्माण एवं तालाब का मरम्मत कार्य।	पन्ना	13.67

कुल योग 405.43

जी-15268/48684/2023 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. चोल कालीन ऐरावतेश्वर मंदिर का निर्माण किस शासक द्वारा कराया गया ?
अ. राजराजा II
ब. परांतक I
स. राजेन्द्र चोल
द. कुलोत्तुंग III
उत्तर- अ. राजराजा II

2. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

विद्वान	-	रचना
अ. कम्बर	-	तमिल रामायण
ब. राजशेखर	-	हरविलास
ब. संध्याकरनंदि	-	पवनदूतिका
द. चन्द्र प्रभासूरी	-	प्रभावकप्रशस्ति

उत्तर- ब. संध्याकरनंदि - पवनदूतिका

3. ईरानी राजदूत अब्दुर्रज्जाक किस शासक के शासन काल में भारत आया था?
अ. देवराज I ब. देवराज II
स. हरिहर I द. वेंकट II
उत्तर- ब. देवराज II

4. 'संस्कृति के चार अध्याय' निम्न में से किसकी रचना है?
अ. फणीश्वरनाथ रेणु
ब. रामचन्द्र शुक्ल
स. रामधारी सिंह दिनकर
द. महादेवी वर्मा
उत्तर- स. रामधारी सिंह दिनकर

5. अनुच्छेद 358 के संबंध में कौन सा असत्य है?
अ. अनुच्छेद 358 स्वत: ही आपातकाल की घोषणा होने पर अनुच्छेद 19 का निलंबन कर देता है (अनुच्छेद 19 के मूल अधिकारों का)।
ब. आपातकाल में किए गए विधायी तथा कार्यकारी निर्णयों को आपातकाल के बाद भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।
स. अनुच्छेद 358 अनुच्छेद 19 के अंतर्गत के मूल अधिकारों को आपातकाल की सम्पूर्ण अवधि के लिए निलंबित कर देता है।
द. अनुच्छेद 358 बाह्य तथा आंतरिक दोनों आपातकाल में लागू होता है।
उत्तर- द. अनुच्छेद 358 बाह्य तथा आंतरिक दोनों आपातकाल में लागू होता है।

6. 'भारत के महान्यायवादी' के संदर्भ में कौन सा कथन असत्य है?
अ. लोकसभा की किसी भी समिति के सदस्य हो सकते हैं।
ब. लोकसभा की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं।
स. लोकसभा में मत डाल सकते हैं।
द. लोकसभा में बोल सकते हैं।
उत्तर- स. लोकसभा में मत डाल सकते हैं।

7. किस अधिनियम के तहत पहली बार किसी भारतीय को वायसराय और गवर्नर की कार्यपरिषद् के साथ एसोसिएशन बनाने का प्रावधान किया गया?
अ. भारत परिषद् अधिनियम 1909
ब. भारत शासन अधिनियम 1919
स. 1833 का चार्टर अधिनियम
द. भारत शासन अधिनियम 1935
उत्तर- अ. भारत परिषद् अधिनियम 1909

8. 'उद्देश्य प्रस्ताव' जो कि संवैधानिक संरचना के ढांचे की एक झलक थी, इसे कब स्वीकार कर लिया गया?
अ. 13 दिसम्बर, 1946
ब. 22 जनवरी, 1947
स. 26 नवम्बर, 1949
द. 9 दिसंबर, 1946
उत्तर- ब. 22 जनवरी, 1947

9. 'जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन' विषय को किस सूची में रखा गया है?
अ. संघ सूची
ब. राज्य सूची
स. समवर्ती सूची
द. केन्द्र सरकार के अंतर्गत
उत्तर- स. समवर्ती सूची

10. संविधान संशोधन विधेयकों के सम्बंध में राष्ट्रपति की शक्ति के संदर्भ में कौन सा सही है?
अ. स्वीकृति दे सकता है।
ब. अस्वीकार कर सकता है।
स. वापस कर सकता है।
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- अ. स्वीकृति दे सकता है।

11. जिला न्यायाधीश की नियुक्ति हेतु व्यक्ति में कौन सी योग्यता अनिवार्य नहीं है?
अ. उच्च न्यायालय से नियुक्त की सिफारिश की हो
ब. उसे कम से कम सात वर्ष का अधिवक्ता का अनुभव है
स. वह उच्च न्यायालय में न्यायाधीश बनने की योग्यता रखता है
द. वह केंद्र/राज्य सरकार में किसी सरकारी सेवा में कार्यरत न हो
उत्तर- स. वह उच्च न्यायालय में न्यायाधीश बनने की योग्यता रखता है।

12. हाल ही में स्वदेश विकसित किस हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (LCH) को भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया?
अ. प्रचंड ब. नेवीरू
स. वरूण द. विक्रांत
उत्तर- अ. प्रचंड

13. किस वर्ष तक वायुमंडल में प्रदूषणकारी कणों (PM) के स्तर में 40% तक कमी लाने का केन्द्र सरकार ने नया लक्ष्य तक किया है?
अ. 2026 ब. 2036
स. 2030 द. 2025
उत्तर- अ. 2026

14. G-20 के लिए केन्द्र सरकार द्वारा भारत का नया शेरपा किसे नियुक्त किया गया है?
अ. अमित शाह ब. परमेश्वरन अय्यर
स. अमिताभ कांत द. सुमन के बेरी
उत्तर- स. अमिताभ कांत

15. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) ने किस भारतीय शहर को अपना सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी बनाया है?
अ. हैदराबाद ब. भोपाल
स. गांधीनगर द. वाराणसी
उत्तर- द. वाराणसी

16. 'बलिपा नारायण भागवत' का सम्बंध है?
अ. पिथौरा चित्रकला से
ब. यक्षगान से
स. भारतनाट्यम से
द. शास्त्रीय संगीत से
उत्तर- ब. यक्षगान से

17. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

रामसर साइट		राज्य
अ. कांवरताल झील	-	बेगूसराय (बिहार)
ब. कुंथानकुलम पक्षी अभ्यारण	-	तमिलनाडु
स. पाला आर्द्रभूमि	-	गोआ
द. हैदरपुर आर्द्रभूमि	-	उत्तरप्रदेश

उत्तर- स. पाला आर्द्रभूमि - गोआ

18. निम्न में से कितने मीटर थ्रो के साथ नीरज चोपड़ा ने 'डायमंड लीग फाइनल' का खिताब जीता है?
अ. 88.40 ब. 88.44
स. 82.44 द. 82.40
उत्तर- ब. 88.44

19. 95वें ऑस्कर पुरस्कार में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शार्ट फिल्म का अवॉर्ड किसे दिया गया है?
अ. हॉलाउट
ब. स्ट्रेंजर एट द गेट
स. द एलीफेंट व्हीसपर
द. द मारथा मिसेल इफेक्ट
उत्तर- स. द एलीफेंट व्हीसपर

20. निम्न में से किसे 'द्रोणाचार्य पुरस्कार-2022' (लाइफटाइम श्रेणी) प्रदान नहीं किया गया है?
अ. दिनेश जवाहर लाड
ब. बिमल प्रफुल्ल घोष
स. राज सिंह
द. सुजीत मान
उत्तर- द. सुजीत मान

21. 'अर्न विद लर्न स्कीम' किस राज्य द्वारा संचालित की जा रही है?
अ. त्रिपुरा ब. केरल
स. बिहार द. उत्तराखंड
उत्तर- अ. त्रिपुरा

22. 'HRIDAY' नामक योजना का सम्बंध है?
अ. हृदय की बिमारी के उपचार से
ब. भारत के विरासत शहरों के संरक्षण हेतु
स. महिला एवं बाल विकास हेतु
द. किसान कल्याण हेतु
उत्तर- ब. भारत के विरासत शहरों के संरक्षण हेतु

23. शरीर के जोड़ों में गठिया रोग (आर्थराईटस) निम्नलिखित में से किसके जमाव के कारण होता है?
अ. एल्ब्यूमिन ब. यूरिक अम्ल
स. यूरिया द. कोलेस्ट्रॉल
उत्तर- ब. यूरिक अम्ल

24. 'मेनेन्जाइटिस' नामक बीमारी में शरीर का कौन सा अंग प्रभावित होता है?
अ. मस्तिष्क ब. आंख
स. हड्डियां द. लिवर
उत्तर- अ. मस्तिष्क

25. विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट (नेपाल) हिमालय के किस भाग में स्थित है?
अ. ट्रांस हिमालय
ब. हिमाद्रि
स. मध्य हिमालय
द. बशिवलिक हिमालय
उत्तर- ब. हिमाद्रि (अर्थात् सर्वोच्च या वृहद् हिमालय)

26. 'भूड़' किस प्रकार के मैदानों का स्थानीय नाम है?
अ. बांगर प्रदेश ब. तराई प्रदेश
स. भाबर द. खादर प्रदेश
उत्तर- अ. बांगर प्रदेश

27. लक्षद्वीप की राजधानी मिनीकॉय द्वीप से कितने डिग्री चैनल के द्वारा अलग होती है?
अ. 8° चैनल ब. 10° चैनल
स. 9° चैनल द. 11° चैनल
उत्तर- स. 9° चैनल

28. निम्न में से कौन सी नदी गोदावरी की सहायक नदी नहीं है?
अ. इंद्रावती ब. मंजिरा
स. भीमा द. पूर्णा
उत्तर- स. भीमा

29. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

राष्ट्रीय उद्यान		राज्य
अ. मधिकतन शोला	-	तमिलनाडु
ब. महावीर हरिना वनस्थली	-	आंध्रप्रदेश
स. कांगेर घाटी	-	छत्तीसगढ़
द. नेऔरा वैली	-	पश्चिम बंगाल

उत्तर- अ.मधिकतन्म शोला- तमिलनाडु

30. 'अंतर्राष्ट्रीय अर्ध शुष्क ऊणकटिबंधीय फसल' अनुसंधान संस्थान कहां अवस्थित है?
अ. फिलीपींस ब. राजस्थान
स. मैक्सिको द. हैदराबाद
उत्तर- द. हैदराबाद (ICRISAT पाटनचेरू में)

31. देश में बॉक्साइड के सर्वाधिक भंडार कहां पाए गए हैं?
अ. महाराष्ट्र ब. गुजरात
स. ओडिशा द. मध्यप्रदेश
उत्तर- स. ओडिशा (लगभग 51%)

32. 'अर्जलाई पेन्नुसामी' जिनका हाल ही में निधन हुआ है, वह किस क्षेत्र से संबंधित थीं?
अ. पर्यावरण से
ब. स्वतंत्रता सेनानी
स. कला से
द. सामाजिक कार्यकर्ता
उत्तर- ब. स्वतंत्रता सेनानी

33. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

देश		हीरा उत्खनन क्षेत्र
अ. दक्षिण अफ्रीका	-	किम्बरले
ब. भारत	-	पन्ना
स. जर्मनी	-	दमत्शा
द. कांगो	-	कटंगा पठार

उत्तर- स. जर्मनी - दमत्शा

34. निम्न में से कौन सी लोक चित्रकला बघेलखंड से संबंधित है?
(I) नेऊरान (II) अंगरोहन (III) दिवासा (IV) जिरोती
अ. केवल I, II, III
ब. केवल I
स. केवल I, II
द. उपरोक्त सभी
उत्तर- स. केवल I, II

35. ''वित्तीय आपातकाल के प्रावधान राज्य की वित्तीय स्वायत्तता के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं'' यह कथन किसका है?
अ. टी.टी. कृष्णामाचारी
ब. एच.एन. कुंजरू
स. महावीर त्यागी
द. के.टी. शाह
उत्तर- ब. एच.एन. कुंजरू

36. निम्न में से कौन मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष भी रहे हैं?
अ. यज्ञदत शर्मा
ब. ईश्वरदास रोहाणी
स. गुलशेर अहमद
द. राजेंद्र प्रसाद शुक्ला
उत्तर- द. राजेंद्र प्रसाद शुक्ला

37. विधायिका द्वारा पारित विधेयक पर राष्ट्रपति द्वारा कोई निर्णय न करना, यह उनकी किस प्रकार की वीटो शक्ति का हिस्सा है?
अ. पॉकेट वीटो
ब. विशेषित वीटो
स. अत्यांतिक वीटो
द. निलंबनकारी वीटो
उत्तर- अ. पॉकेट वीटो

38. निम्न में से किस वर्ष को भारत में राष्ट्रीय आय के मापन का आधार वर्ष माना गया है?
अ. 2010-11 ब. 2011-12
स.2015-16 द.1970-1971
उत्तर- ब. 2011-12

39. पानी (H_2O) में हाइड्रोजन की प्रतिशतता कितनी है (भार के अनुसार)?
अ. 32% ब. 88.9%
स.16% द. 60%
उत्तर- ब. 88.9%

40. मांधाता गॉर्ज तथा मुकरता गॉर्ज का निर्माण निम्न में से कौन सी नदी करती है?
अ. चम्बल ब. नर्मदा
स. ताप्ती द. बेतवा
उत्तर- ब. नर्मदा नदी

41. 'अमृता शेरगिल शिक्षावृत्ति' किस क्षेत्र में प्रदान की जाती है?
अ. पत्रकारिता
ब. साहित्य
स. चित्र और मूर्तिकला
द. संगीत
उत्तर- स. चित्र व मूर्तिकला के क्षेत्र में

42. प्रसिद्ध सितारवादक गुलाम हसैन खान का संबंध किस स्थान से है?
अ. इंदौर ब. भोपाल
स. मुम्बई द. जबलपुर
उत्तर- अ. इंदौर (जन्म स्थान)

43. निम्न में से कौन सी रचना चन्द्रकांत देवताले से संबंधित नहीं है?
अ. पत्थर की बेंच
ब. उजाड़ में संग्रहालय
स. दीवारों पर खून से
द. राह किनारे बैठ
उत्तर- द. राह किनारे बैठ

44. पेशवा बाजीराव की समाधि कहां अवस्थित है?
अ. बुरहानपुर ब. पुणे
स. खरगौन द. छतरपुर
उत्तर- स. खरगौन (रावरखेड़ी)

45. 'लांजी का किला' कहां स्थित है?
अ. छिंदवाड़ा ब. बालाघाट
स. सतना द. मंडला
उत्तर- ब. बालाघाट

46. निम्न में से कौन सा सुमेलित है?

नाम		स्थान
अ. कबरा की गुफाएं	-	राजगढ़
ब. सतमत्रिका गुफा	-	खरगौन
स. धर्मराजेश्वर गुफा	-	धार
द. झिंजरी गुफा	-	सीधी

उत्तर- अ. कबरा की गुफाएं - राजगढ़

47. ''कानडा नृत्य' का संबंध किस क्षेत्र से है?
अ. बघेलखण्ड ब. बुन्देलखण्ड
स. निमाड़ द. मालवा
उत्तर- ब. बुन्देलखण्ड

48. 'दशराज्ञ युद्ध' का वर्णन कहां मिलता है?
अ. ऋग्वेद ब. सामवेद
स. यजुर्वेद द. अथर्ववेद
उत्तर- अ. ऋग्वेद

49. मौर्य प्रशासन में मुद्राओं के परीक्षण करने वाले अधिकारी को क्या कहा जाता था?
अ. लक्षणाध्यक्ष ब. अन्तपाल
स. पण्याध्यक्ष द. रूपदर्शक
उत्तर- द. रूपदर्शक

कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

1. 'गुंजित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) गूंज (B) जित
(C) त (D) इत
उत्तर- (D) इत

2. 'संकुचित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) चित (B) इत
(C) त (D) कुचित
उत्तर- (B) इत

3. 'कड़वाहट' में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) कड़ (B) वाहट
(C) हट (D) आहट
उत्तर- (D) आहट

4. उल्लेखनीय शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) लेख (B) नीय
(C) अनीय (D) य
उत्तर- (C) अनीय

5. 'भावनात्मक' शब्द कैसे बना है?
(A) भव + नात्मक
(B) भावना + त्मक
(C) भावना + आत्मक
(D) भावना + त्म + क
उत्तर- (C) भावना + आत्मक

6. 'उज्ज्वल' शब्द का संधि विच्छेद है?
(A) उज्ज + वल
(B) उत् + ज्वल
(C) उज् + ज्वल
(D) उत् + जल
उत्तर- (B) उत् + ज्वल

7. 'सृजनात्मक' शब्द किस प्रकार बना है?
(A) सृजन + आत्मक
(B) सृजन + आत्म + क
(C) सृजना + त्मक
(D) सृजना + त्म + क
उत्तर- (A) सृजन + आत्मक

8. 'माधुर्य' शब्द व्याकरणीय दृष्टिकोण में क्या है?
(A) भाव वाचक संज्ञा
(B) विशेषण
(C) क्रिया-विशेषण
(D) सर्वनाम
उत्तर- (A) भाववाचक संज्ञा

9. 'पर्यावरण' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग है?
(A) पर (B) परि
(C) पर्या (D) करण
उत्तर- (B) परि

10. 'अदृश्य' में किस उपसर्ग का प्रयोग है?
(A) अ (B) दृश्य
(C) य (D) श्य
उत्तर- (A) अ

11. 'भाग्योदय' शब्द का संधि विच्छेद होगा?
(A) भाग + उदय
(B) भाग्य + योदय
(C) भाग्य + उदय
(D) भाग्यो + दय
उत्तर- (C) भाग्य + उदय

12. 'जिज्ञासु' शब्द का अर्थ क्या है?
(A) जो जानने की इच्छा रखता हो
(B) जो ज्ञानी हो
(C) जो ज्ञान वर्धक बातें करता हो
(D) वेदशास्त्र को पढ़ने वाला
उत्तर- (A) जो जानने की इच्छा रखता हो

13. 'अग्रसर' शब्द का क्या अर्थ है?
(A) आगे की ओर बढ़ना
(B) पीछे हटना
(C) अच्छा होना
(D) बढ़ते जाना
उत्तर- (A) आगे की ओर बढ़ना

14. कौन-सा शब्द भाव वाचक संज्ञा नहीं है?
(A) समृद्धि (B) जीवंतता
(C) संपन्नता (D) साहित्य
उत्तर- (D) साहित्य

15. 'स्वागत' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग है?
(A) स्वा (B) सु
(C) स्व (D) गत
उत्तर- (B) सु

16. 'पौराणिक' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) क (B) णिक
(C) इक (D) पुराण
उत्तर- (C) इक

17. 'गजानन' शब्द में कौन-सा समास है?
(A) कर्मधारय समास
(B) अव्ययी भाव समास
(C) बहुव्रीही समास
(D) द्विगु समास
उत्तर- (C) बहुव्रीही समास

18. 'त्रिफला' शब्द का विग्रह होगा?
(A) त्रि + फल
(B) तीन फलों का समाहार
(C) तीन फल
(D) तीन है जो फल
उत्तर- (B) तीन फलों का समाहार

19. द्वंद्व समास का उदाहरण कौन-सा समस्त पद है?
(A) रातभर (B) नीलगाय
(C) चतुर्भुज (D) दाल रोटी
उत्तर- (D) दाल रोटी

20. निम्नलिखित विग्रह का कौन-सा समस्त पद बनेगा 'जो ऋण से मुक्त हो'?
(A) उऋण (B) मुक्त ऋण
(C) ऋण मुक्त (D) ऋणी
उत्तर- (C) ऋण मुक्त

21. 'यथामति' का सही विग्रह होगा?
(A) यथा है जो मति
(B) मति के अनुसार
(C) यथा और मति
(D) मति की यथा
उत्तर- (B) मति के अनुसार

22. 'महादेव' शब्द में कौन-सा समास है?
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय
(C) बहुव्रीही (D) अव्ययीभाव
उत्तर- (C) बहुव्रीही समास

23. 'आजीवन' शब्द में कौन-सा समास है?
(A) द्वंद्व समास
(B) द्विगु समास
(C) अव्ययीभाव समास
(D) तत्पुरुष
उत्तर- (C) अव्ययीभाव समास

24. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द जाति वाचक संज्ञा है?
(A) नीलम (B) आगरा
(C) कामायनी (D) शहर
उत्तर- (D) शहर

25. सम्राट और..... सिंहासन पर विराजमान है? रेखांकित शब्द का विलोमार्थी शब्द रिक्त स्थान में भरिए?
(A) रानी (B) महारानी
(C) सम्राज्ञी (D) युवरानी
उत्तर- (C) सम्राज्ञी

26. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द जाति वाचक संज्ञा नहीं है?
(A) महल (B) नदी
(C) पुस्तक (D) इन्दौर
उत्तर- (D) इन्दौर

27. 'पंडित' शब्द से भाववाचक संज्ञा बनेगी?
(A) पंडितायन (B) पंडा
(C) पंडित्य (D) पंडिता
उत्तर- (C) पंडित्य

28. निम्नलिखित में से कौन-से विकल्प में सभी शब्द भाववाचक संज्ञाएं नहीं हैं?
(A) बुढ़ापा, देवता
(B) देवत्व, मनुष्यत्व
(C) ऊंचाई, बचपन
(D) सुंदरता, योग्यता
उत्तर- (A) बुढ़ापा, देवता

29. जो सर्वनाम विशेषण का कार्य करे उसे कहते हैं?
(A) विशेषण
(B) क्रिया-विशेषण
(C) सार्वनामिक विशेषण
(D) पुरुषवाचक विशेषण
उत्तर- (C) सार्वनामिक विशेषण

30. 'हम पढ़ने जा रहे हैं' - वाक्य में सर्वनाम का भेद बताइए?
(A) पुरुष वाचक सर्वनाम
(B) निश्चय वाचक सर्वनाम
(C) अनिश्चय वाचक सर्वनाम
(D) संबंध वाचक सर्वनाम
उत्तर- (A) पुरुष वाचक सर्वनाम

31. 'इस दूध में कुछ पड़ा है' - इस वाक्य में से सर्वनाम पद छांटकर लिखिए?
(A) दूध (B) इस
(C) कुछ (D) पड़ा है
उत्तर- (C) कुछ

32. यह काम में स्वयं कर लूंगा - वाक्य में सर्वनाम का भेद बताइए?
(A) अनिश्चय वाचक सर्वनाम
(B) निश्चय वाचक सर्वनाम
(C) निज वाचक सर्वनाम
(D) पुरुष वाचक सर्वनाम
उत्तर- (C) निज वाचक सर्वनाम

33. 'कौन आदमी आया है' वाक्य में कौन-सा विशेषण है?
(A) सार्वनामिक
(B) गुणवाचक
(C) प्रश्नवाचक
(D) संबंध वाचक
उत्तर- (A) सार्वनामिक विशेषण

34. यह पानी गर्म है? इस वाक्य में रेखांकित पद क्या है?
(A) क्रिया (B) सर्वनाम
(C) विशेष्य (D) विशेषण
उत्तर- (C) विशेष्य

35. विशेषण के कितने भेद होते हैं?
(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार
उत्तर- (D) चार

36. विशेषण किसकी विशेषता बताता है?
(A) संज्ञा की
(B) सर्वनाम की
(C) संज्ञा और सर्वनाम दोनों की
(D) क्रिया की
उत्तर- (C) संज्ञा और सर्वनाम दोनों की

37. 'स्वर्ग' शब्द से विशेषण बनेगा?
(A) स्वर (B) सुखी
(C) स्वर्गिक
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (C) स्वर्गिक

38. विशेष्य प्रायः क्या होता है?
(A) संज्ञा
(B) सर्वनाम
(C) संज्ञा अथवा सर्वनाम
(D) कोई नहीं
उत्तर- (A) संज्ञा

39. कौन-सा शब्द 'देवता' का पर्यायवाची नहीं है?
(A) देव (B) सुर
(C) निर्जर (D) निर्झर
उत्तर- (D) निर्झर

40. 'इंद्र' शब्द का कौन-सा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(A) देवेन्द्र (B) सुरेश
(C) निशाचर (D) पुरंदर
उत्तर- (C) निशाचर

41. 'कृतज्ञ' शब्द का विलोम शब्द है?
(A) कृतकृत (B) कृतघ्न
(C) कृतिका (D) कृतवर्ग
उत्तर- (B) कृतघ्न

42. 'स्वाभाविक' शब्द का विलोमार्थी है?
(A) अस्वाभाविक
(B) स्वभाव
(C) सहज
(D) असंभव
उत्तर- (A) अस्वाभाविक

43. 'मनुष्यता' शब्द का विलोम है?
(A) अमनुष्यता (B) मानवता
(C) पशुता (D) देवत्व
उत्तर- (C) पशुता

44. 'वैकल्पिक' का विलोम शब्द है?
(A) योग्यतर (B) इच्छित
(C) स्वाभाविक (D) अनिवार्य
उत्तर- (D) अनिवार्य

45. 'निर्गुण' का विलोम शब्द है?
(A) अवगुण (B) सगुण
(C) भवगुण (D) जगुण
उत्तर- (B) सगुण

46. 'थोड़े में बहुत कुछ कह देना' अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा है?
(A) अधजल गगरी छलकत जाए
(B) गागर में सागर भरना
(C) सागर में गागर मिलाना
(D) गागर में सागर डुबा देना
उत्तर- (B) गागर में सागर भरना

47. असंभव काम को करने की बात करने वाले के लिए कौन-सा मुहावरा उपर्युक्त रहेगा?
(A) आकाश में उड़ना
(B) आकाश के तारे तोड़ना
(C) आकाश-पाताल एक करना
(D) आकाश के तारे गिनना
उत्तर- (B) आकाश के तारे तोड़ना

48. 'चकमा देना' मुहावरे का सही प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?
(A) मेरी आंखें चकमा दे रही हैं
(B) चकमा देना अच्छी बात है
(C) चिकना फर्श चकना देना
(D) चोर पुलिस को चकमा देकर भाग गया
उत्तर- (D) चोर पुलिस को चकमा देकर भाग गया

49. 'ईंट से ईंट बजाना' मुहावरे का सही अर्थ है?
(A) ईंट बजाकर शोर करना
(B) ईंट से ईंट मारना
(C) कमजोर पड़ जाना
(D) समूल नष्ट कर देना
उत्तर- (D) समूल नष्ट कर देना

50. 'उल्टी गंगा बहाना' मुहावरे का अर्थ निम्न में से कौन-सा है?
(A) अनुकूल कार्य करना
(B) गंगा की धारा को उल्टा बहाना
(C) प्रतिकूल कार्य करना
(D) गंगा की धारा
उत्तर- (C) प्रतिकूल कार्य करना

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

मध्यप्रदेश के सभी मिलियन प्लस शहरों में वायु गुणवत्ता की स्थिति संतोषजनक

भोपाल, मध्यप्रदेश के सभी मिलियन प्लस शहरों में वायु गुणवत्ता की स्थिति संतोषजनक है। यह मूल्यांकन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया गया है। प्रदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर मिलियन प्लस सिटी है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए देशभर के मिलियन प्लस शहरों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन का आधार पीएम 10 के स्तर में कमी और गुड डेज की संख्या में वृद्धि रखा गया था। इसी तारतम्य में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई द्वारा सभी मिलियन प्लस शहरों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

श्री मंडलोई ने कहा है कि जबलपुर, भोपाल और ग्वालियर वर्ष 2021-22 में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए आवंटित राशि का 100 प्रतिशत एवं वर्ष 2022-23 में प्राप्त राशि का न्यूनतम 75 प्रतिशत उपयोग 28 जून तक आवश्यक रूप से करें, इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त होने वाली राशि के अनुसार अपना वार्षिक एक्शन प्लान तैयार कर पीआरएएनए पोर्टल पर 28 जून तक दर्ज करें। अन्य योजनाओं जैसे स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत मिशन इत्यादि से समन्वय कर शहर की वायु गुणवत्ता सुधार के लिए योजना तैयार करें। सभी शहरों को 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023' के लिए तैयारी कर दस्तावेज 5 जुलाई 2023 तक दर्ज करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

छिंदवाड़ा जिले की विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने 128 करोड़ रुपये स्वीकृत

भोपाल, छिंदवाड़ा जिले की विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने एवं विद्युत हानियों को कम करने के उद्देश्य से 128 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गए हैं। इसमें से केंद्र सरकार द्वारा रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के प्रथम चरण के तहत 95 करोड़ रुपये और राज्य सरकार द्वारा 33 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गए हैं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि स्वीकृत राशि से किए जाने वाले कार्यों में 32 किलोमीटर 132 के.व्ही. लाइन निर्माण, 8 नवीन 33/11 केव्ही उप केंद्र निर्माण, वोल्टेज व्यवस्था के सुधार के लिए 53 स्थान पर कैपेसिटर बैंक स्थापना, 82 उच्च दाब फीडरों का विभक्तिकरण कार्य, 1453 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापना, 8031 किलोमीटर निम्न दाब लाइनों का केबलिंग कार्य, 210 उच्च दाब फीडरों का विभक्तिकरण और कंडक्टर क्षमता वृद्धि के कार्य सम्मिलित हैं।

पवन ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से बढ़ता भारत

विद्युत उत्पादन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में से पवन ऊर्जा एक प्रमुख स्वीकृत स्रोत है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पवन की उपलब्धता निःशुल्क और कभी समाप्त नहीं होने वाली है। किसी भी देश या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का इस पर एकाधिकार नहीं है, जैसा कि सीमित जीवाश्मीय ईंधनों के साथ है। चूंकि ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ती ही जा रही है, इसलिए कच्चे तेल के बढ़ते मूल्यों के बदले निश्चित रूप से पवन ऊर्जा एक आसान विकल्प साबित हो सकता है। वर्तमान में पवन ऊर्जा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। खासकर चीन और अमेरिका ने पवन ऊर्जा से संबंधित अपनी शक्ति बढ़ा ली है। वैश्विक विद्युत उत्पादन के अक्षय ऊर्जा स्रोतों में पवन ऊर्जा का भाग बढ़ रहा है। इंटरनेशनल एनर्जी एसोसिएशन पहले ही इस ओर इशारा कर चुका है कि अपतटीय पवन ऊर्जा की संभावना आन्तरिक पवन ऊर्जा से कहीं अधिक है। इस क्षेत्र में निवेश की आकर्षक संभावनाएं हैं।

कार्बन उत्सर्जन कम करने के अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए भारत भी पवन ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रहा है। इसी का प्रमाण है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में पवन ऊर्जा उत्पादन में काफी प्रगति की है। अब यह दुनिया में पवन ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इस दिशा में साल 2022-23 में भारत के तीन राज्यों का भी विशेष योगदान रहा है जिनमें राजस्थान, गुजरात और तमिलनाडु शामिल है। इन तीनों राज्यों में पवन ऊर्जा को लेकर बेहतरीन काम हुआ है। राजस्थान को उच्चतम पवन क्षमता वृद्धि प्राप्त करने के लिए, गुजरात को खुली पहुंच के माध्यम से उच्चतम पवन क्षमता वृद्धि प्राप्त करने के लिए और तमिलनाडु को पवन टर्बाइनों को पुनः शक्ति प्रदान करने की शुरुआत करने के लिए सम्मानित भी किया गया है। यही वजह रही है कि पूरे देश में ये तीन राज्य आज के समय में पवन ऊर्जा अपनाने में शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाले राज्य बन चुके हैं।

वैश्विक पवन दिवस पर हुई भविष्य को लेकर चर्चा

हाल ही में (15 जून, 2023 को) वैश्विक पवन दिवस के मौके पर भारत सरकार ने वैश्विक पवन दिवस उत्सव मनाया। यह आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ विंड एनर्जी, शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन, इंडियन विंड टर्बाइन मेन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, इंडियन विंड पावर एसोसिएशन और विंड इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के सहयोग से किया गया।

इस आयोजन में केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों, पवन टरबाइन निर्माताओं और डेवलपर्स, अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू वित्तीय संस्थानों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, शिक्षाविदों, थिंक-टैंक (विचार मंच) और अन्य प्रमुख हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस मौके पर पवन ऊर्जा का उपयोग कर भारत के भविष्य को शक्ति प्रदान करने के तौर-तरीकों पर खास चर्चा हुई। वहीं देश के इन तीन शीर्ष राज्यों का नाम सामने आया जो पवन ऊर्जा अपनाने में सबसे आगे रहे हैं।

दरअसल, भारत सरकार के अधीन नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय नई दिल्ली में एक दिवसीय कार्यक्रम के इस आयोजन के माध्यम से वैश्विक पवन दिवस पर विश्वव्यापी उत्सव में शामिल हुआ जिसमें भारत में पवन ऊर्जा अपनाने में तेजी लाने के संभावित तरीकों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की थीम 'पवन - ऊर्जा: पावरिंग द फ्यूचर ऑफ इंडिया' निर्धारित की गई थी।

इस कार्यक्रम के दौरान भारत में पवन ऊर्जा की प्रगति, तट से दूर पवन विकास, पवन ऊर्जा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने और पवन ऊर्जा के लिए 'हरित वित्त' पर गहन चर्चा हुई। यहां पर इस बात का जिक्र करना महत्वपूर्ण है कि भारत सरकार वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वैश्विक पवन दिवस की शुरुआत कब से हुई?

वैश्विक पवन दिवस, वर्ष 2007 से पवन ऊर्जा को ऊर्जा के स्वच्छ और नवीकरणीय स्रोत के रूप में बढ़ावा देने का एक वार्षिक कार्यक्रम है। यह यूरोपीय पवन ऊर्जा संघ (EWEA) द्वारा प्रारंभ किया गया है और इसके साथ ही वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद (GWEC) में शामिल किया गया। GWEC एक सदस्य-आधारित संगठन है जो संपूर्ण पवन ऊर्जा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है।

देश की तटवर्ती पवन क्षमता

वर्तमान में पवन ऊर्जा के सामान्यतः दो प्रकार हैं। पहला, तटवर्ती पवन फार्म जो भूमि पर स्थित पवन टर्बाइनों के व्यापक रूप में स्थापित हैं। दूसरा, अपतटीय पवन फार्म जो जल निकायों में/समीप स्थित प्रतिष्ठान हैं। देश की तटवर्ती पवन क्षमता अब 1,164 गीगावॉट होने का अनुमान है। वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से अपनी विद्युत शक्ति स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत प्राप्त करने और 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य प्राप्त करने के भारत के प्रयासों के लिए पवन ऊर्जा बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में तटवर्ती और तट से दूर पवन ऊर्जा उत्पादन दोनों के लिए महत्वपूर्ण क्षमता है। सरकार के निरंतर प्रयासों से देश ने लगभग 1.5 गीगावॉट घरेलू पवन ऊर्जा क्षमता विकसित की है।

पवन ऊर्जा क्या है और कैसे बनाई जाती है?

पवन ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा का एक रूप है, जो विद्युत उत्पन्न करने के लिये वायु की गतिज ऊर्जा का उपयोग करती है। पवन टर्बाइनों का उपयोग करके पवन ऊर्जा उत्पन्न की जाती है, ये ऐसे उपकरण हैं जिनमें ब्लेड होते हैं जो वायु चलने पर घूमते हैं। ब्लेड के घूमने से एक जनरेटर चलता है जो विद्युत उत्पन्न करता है। पवन ऊर्जा भूमि या अपतट पर उत्पन्न की जा सकती है, जहां तेज और अधिक सुसंगत हवाएं होती हैं। पवन ऊर्जा का उपयोग घरों, व्यवसायों, खेतों और अन्य अनुप्रयोगों के लिये किया जा सकता है। पवन ऊर्जा विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में से एक है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- अप्रैल, 2022-जनवरी, 2023 के दौरान पवन ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पादित बिजली 64.54 बिलियन यूनिट थी।
- भारत की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 168.96 गीगावॉट (28 फरवरी 2023 तक) है, जिसमें लगभग 82 गीगावॉट कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं, जबकि लगभग 41 गीगावॉट निविदा चरण के तहत है। इसमें 64.38 गीगावॉट सौर ऊर्जा, 51.79 गीगावॉट पन-बिजली ऊर्जा, 42.02 गीगावॉट पवन ऊर्जा और 10.77 गीगावॉट जैविक-ऊर्जा शामिल हैं।
- **राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान,** चेन्नई द्वारा यह बताया गया है कि गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक से तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश तक एक स्थिर तथा निरंतर वायु के प्रवाह के मामले में पश्चिमी राज्यों में असीम संभावनाएं हैं।
- **राष्ट्रीय पवन-सौर हाइब्रिड नीति:** राष्ट्रीय पवन-सौर हाइब्रिड नीति, 2018 का प्रमुख उद्देश्य पवन और सौर संसाधनों, पारेषण अवसंरचना तथा भूमि के सबसे प्रभावी एवं कुशल उपयोग के लिये बड़े ग्रिड से जुड़े पवन-सौर पीवी हाइब्रिड सिस्टम को बढ़ावा देने के लिये एक रूपरेखा प्रदान करना है।
- **राष्ट्रीय अपतटीय पवन ऊर्जा नीति:** राष्ट्रीय अपतटीय पवन ऊर्जा नीति को अक्टूबर, 2015 में भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) में 7600 किलोमीटर की भारतीय तटरेखा के साथ अपतटीय पवन ऊर्जा विकसित करने के उद्देश्य से अधिसूचित किया गया था।
- डेनमार्क द्वारा स्थापित वैश्विक अपतटीय पवन गठबंधन (GOWA), अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (IRENA) और वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद (GWEC) को नवंबर 2022 में COP27 में आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया था, जहाँ देशों का एक बड़ा समूह अपतटीय पवन के तीव्र संवर्द्धन हेतु सहमत हुआ था।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. राष्ट्रमंडल खेल पहली बार किस शहर में आयोजित किए गए थे?
(अ) हैमिल्टन (ब) लंदन
(स) सिडनी (द) कार्डिफ

2. एशियाई धरती पर पहली बार फीफा वर्ल्डकप किस वर्ष खेला गया था?
(अ) वर्ष 1998 (ब) वर्ष 2002
(स) वर्ष 2010 (द) वर्ष 2022

3. आईपीएल-2023 में किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं?
(अ) फाफ डुप्लेसिस
(ब) यशस्वी जायसवाल
(स) शुभमन गिल
(द) ईशान किशन

4. वर्ष 2023 में रियो ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?
(अ) कार्लोस अलकराज
(ब) फेबियो फोगनिनी
(स) आंद्रे रूबलेव
(द) कैमरन नॉरी

5. जोनाथन क्रिस्टी किस देश के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी हैं?
(अ) डेनमार्क (ब) ब्रिटेन
(स) इंडोनेशिया (द) सिंगापुर

6. वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?
(अ) जहीर खान (ब) अनिल कुंबले
(स) हरभजन सिंह (द) इरफान पठान

7. वर्ष 2023 में इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की विजेता बनी हैं?
(अ) इलिना रिबाकिना
(ब) एलिस मर्ट्सेंस
(स) मारिया सकारी
(द) आर्यना सबालेंका

8. चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रैंकी रेड्डी किस खेल के खिलाड़ी हैं?
(अ) टेनिस (ब) बैडमिंटन
(स) निशानेबाजी (द) एथेलेटिक्स

9. इस वर्ष किस देश ने आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्डकप का खिताब जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) भारत
(स) इंग्लैंड (द) द. अफ्रीका

10. भाला फेंक खेल के वर्ल्ड चैम्पियन एंडरसन पीटर्स किस देश से संबंधित हैं?
(अ) जर्मनी (ब) क्रोएशिया
(स) बारबाडोस (द) ग्रेनेडा

11. मैड्रिड ओपन में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं?
(अ) रोजर फेडरर
(ब) जॉन मैक्केनरो
(स) आंद्रे अगासी
(द) इनमें से कोई नहीं

12. भारत ने अपना पहला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच किस देश के खिलाफ खेला है?
(अ) श्रीलंका (ब) द. अफ्रीका
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) न्यूजीलैंड

13. इस वर्ष किस भारतीय खिलाड़ी ने ऑरलियंस मास्टर्स टूर्नामेंट जीता है?
(अ) प्रियांशु राजावत
(ब) लक्ष्य सेन
(स) समीर वर्मा
(द) इनमें से कोई नहीं

14. मैक्स वर्स्टापेन किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) ब्रिटेन (ब) नीदरलैंड
(स) जर्मनी (द) बुल्गारिया

15. ओलिंपिक खेलों में मुक्केबाजी में पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज हैं?
(अ) विजेंदर सिंह
(ब) विकास कृष्णन
(स) अमित पंघल
(द) मनीष कौशिक

16. टोक्यो ओलिंपिक में किस महिला खिलाड़ी ने गोल्फ खेल में स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) अदिति अशोक
(ब) हनाह ग्रीन
(स) मोन इनामी
(द) नैली नोर्डा

17. इनमें से किस क्रिकेटर की आत्मकथा का नाम प्लेइंग इट माय वे है?
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) कपिल देव
(स) युवराज सिंह
(द) विनोद कांबली

18. इस वर्ष किस क्लब ने महिला यूएफा चैम्पियंस लीग जीती है?
(अ) रियल मैड्रिड
(ब) बार्सिलोना
(स) आर्सेनल
(द) चेल्सी

19. श्रीलंका ने किस वर्ष आईसीसी वन-डे वर्ल्डकप जीता था?
(अ) वर्ष 1983 (ब) वर्ष 1992
(स) वर्ष 1996 (द) वर्ष 2007

20. रोहित शर्मा ने किस देश के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) इंग्लैंड
(स) पाकिस्तान (द) आयरलैंड

21. किस देश में इस वर्ष पुरुष रग्बी वर्ल्डकप खेला जाएगा?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) फिजी
(स) फ्रांस (द) वेल्स

22. इनमें से कौन भारतीय हॉकी टीम का पूर्व सदस्य नहीं है?
(अ) दिलीप टिर्की
(ब) देवाशीष मोहंती
(स) सरदार सिंह
(द) धनराज पिल्लई

23. प्रोफेशनल बॉक्सर कैनेला अल्वारेज किस देश के खिलाड़ी हैं?
(अ) मैक्सिको (ब) अमेरिका
(स) ब्रिटेन (द) क्यूबा

24. इनमें से किस भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन नहीं बनाए हैं?
(अ) सुनील गावस्कर
(ब) सचिन तेंदुलकर
(स) राहुल द्रविड
(द) वीवीएस लक्ष्मण

25. ब्राजील ने किस वर्ष पहली बार फीफा वर्ल्डकप जीता था?
(अ) वर्ष 1958 (ब) वर्ष 1962
(स) वर्ष 1970 (द) वर्ष 1994

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (द), 5. (स), 6. (ब), 7. (अ), 8. (ब), 9. (अ), 10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (ब), 15. (अ), 16. (द), 17. (अ), 18. (ब), 19. (स), 20. (द), 21. (स), 22. (ब), 23. (अ), 24. (द), 25. (अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

लोक कल्याणकारी राज्य और इसकी विशेषताएं

लोक कल्याणकारी राज्य का आशय :- लोक कल्याणकारी राज्य का आशय सम्पूर्ण प्रजा का सर्वांगीण विकास एवं लोकहित तथा जनहित करने से है। यहां लोकहित एवं जनहित से आशय सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक दृष्टि से व्यक्ति की अवसर की समानता को दूर कर जनता की साधारण आवश्यकताओं की पूर्ति की व्यवस्था करना होता है। लोक कल्याणकारी राज्य के द्वारा प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्र रूप से सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान किया जाता है।

लोक कल्याणकारी राज्य का तात्पर्य एक ऐसे राज्य से होता है, जिसके अंतर्गत शासन की शक्ति का प्रयोग किसी वर्ग विशेष के कल्याण के लिए नहीं वरन् सम्पूर्ण राज्य के लिए किया जाता है। लोक कल्याणकारी राज्य की कल्याणकारी व्यवस्था का उद्देश्य किसी समुदाय विशेष या वर्ग विशेष अथवा समाज के किसी अंग विशेष का हित साधन मात्र नहीं होता है, बल्कि सम्पूर्ण समाज के हित का साधन करना होता है। लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा प्राचीन समय से ही अस्तित्व में रही है।

प्राचीन भारत में 'रामराज्य' की अवधारणा का उल्लेख रामायण आदि में मिलता है वह लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पर ही आधारित माना जाता है। भारत में लोक कल्याणकारी राज्य का अस्तित्व बहुत प्राचीन है. ई.पू. चौथी शताब्दी में मगध सम्राट चन्द्रगुप्त के कौटिल्य ने अपने ग्रन्थ 'अर्थशास्त्र' में इस प्रकार की व्यवस्था का विवरण था कि राजा को अपनी प्रजा का पालन उसके पिता की तरह करना चाहिए तथा बालक, बुजुर्ग रोगी और विपत्तिग्रस्त एवं अनाथ व्यक्तियों के भरण पोषण की उचित व्यवस्था करनी चाहिए।

इसी प्रकार कालिदास ने 'राजा' शब्द की व्युत्पत्ति 'रंजन' अर्थात 'प्रसन्न करने' वाली धातु से बताई है। कालिदास ने राजा का मुख्य कार्य प्रजा का सब प्रकार से कल्याण अथवा सर्वांगीण विकास बताया था। भारत के संविधान निर्माता इन प्राचीन परम्पराओं के अनुसार लोक कल्याणकारी राज्य के विचार से अच्छी तरह प्रेरित थे।

लोक कल्याणकारी राज्य की परिभाषा- समय-समय पर विभिन्न विद्वानों द्वारा परिभाषित लोक कल्याणकारी राज्य की प्रमुख परिभाषाएं निम्नलिखित हैं।

1. **टी.डब्ल्यू. केन्ट के अनुसार,** ''लोक कल्याणकारी राज्य वह राज्य है, जो अपने नागरिकों के लिए व्यापक सेवाओं की व्यवस्था करता है। इन सेवाओं के अनेक रूप होते हैं। इनके अंतर्गत शिक्षा स्वास्थ्य, बेरोजगारी तथा वृद्धावस्था में पेंशन आदि की व्यवस्था होती है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों की सभी प्रकार से सुरक्षा करना होता है।''
2. **अब्राहम लिकंन के अनुसार,** ''वह समाज जहां राज्य की शक्ति का प्रयोग निश्चयपूर्वक साधारण आर्थिक व्यवस्था को इस प्रकार परिवर्तित करने के लिए किया जाता है कि सम्पत्ति का अधिक से अधिक उचित वितरण हो सके, लोक कल्याणकारी राज्य कहलाता है।''
3. **आर्शीवाद् के अनुसार,** ''लोक कल्याणकारी राज्य का अर्थ है- राज्य के कार्य क्षेत्र का विस्तार, ताकि अधिक से अधिक लोगों का कल्याण हो सके।''
4. **सन् 1954 में मैसूर विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में एस.सी. छावड़ा के अनुसार,** ''लोक कल्याणकारी राज्य का कार्य एक ऐसे पुल का निर्माण करना है, जिसके द्वारा व्यक्ति जीवन की पतित अवस्था से निकलकर एक ऐसी अवस्था में प्रवेश कर सके, जो उत्थानकारी और उद्देश्यपूर्ण हो।''
5. **1918 में प्रकाशित 'Encyclopaedia of Social Science' के अनुसार,** ''लोक कल्याणकारी राज्य का तात्पर्य एक ऐसे राज्य से है जो अपने सभी नागरिकों को न्यूनतम जीवन स्तर प्रदान करना अपना अनिवार्य उत्तरदायित्व समझता है।''
6. **होब्मैन (Hobman) के अनुसार,** ''लोक कल्याणकारी राज्य दो अतिथियों में एक समझौता है, जिसमें एक तरफ साम्यवाद है तो दूसरी तरफ अनियंत्रित व्यक्तिवाद। लोक कल्याणकारी राज्य लोक हित पर आधारित होता है और इस संबंध में लोकहित से हमारा तात्पर्य राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से अवसर की असमानता को दूर कर उसकी साधारण आवश्यकताओं की पूर्ति करना होता है। इस व्यवस्था का उद्देश्य किसी एक समुदाय या वर्ग विशेष के हितों की साधना न होकर जनता के सभी वर्गों के आवश्यक हितों की साधना होता है।'
7. **टी.डब्ल्यू. केन्ट के अनुसार,** ''कल्याणकारी राज्य लोगों का वह संगठन है जिसमें सबका सामूहिक रूप से अधिक हित हो सके।''

लोक कल्याणकारी राज्य और नीति निदेशक तत्व

भारत में लोक कल्याणकारी राज्य से जिन कार्यों के करने की अपेक्षा की जाती है उन लोक कल्याणकारी कार्यों का निष्पादन करने के लिए बहुत अधिक आर्थिक शक्ति और साधनों के साथ सकारात्मक पहल की भी आवश्यकता होती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात अंग्रेजों के अधीन दीर्घकालीन दासता झेलने के उपरांत भारत के पास इतनी शक्ति और साधन उपलब्ध नहीं थे कि राज्य लोक कल्याणकारी कार्यों को कर सकता था। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर संविधान निर्माताओं के द्वारा संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में इस बात की घोषणा की गई कि हम सभी का उद्देश्य भारत को एक लोक कल्याणकारी राज्य का स्वरूप प्रदान करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति में संविधान के नीति-निदेशक तत्वों में निम्नलिखित बातों का उल्लेख किया गया है कि:-

(1) राज्य अपनी नीति का इस प्रकार संचालन करेगा -
- (A) पुरुषों और स्त्रियों एवं सभी नागरिकों को जीविका के पर्याप्त साधन समान रूप से प्राप्त हो।
- (B) राष्ट्रीय धन का स्वामित्व और वितरण सबके हित में हों।
- (C) पुरुषों और स्त्रियों को समान कार्य के लिए समान वेतन मिले।
- (D) बालकों का शोषण न किया जाये इत्यादि।

(2) राज्य अपने आर्थिक साधनों की सीमा में काम दिलाने, बेकारी व अंगहीन होने की दशा में सार्वजनिक सहायता देने की व्यवस्था करे।

(3) राज्य काम करने की दशाओं में सुधार करे तथा स्त्रियों के लिए प्रसूति सहायता का प्रबंध करे।

(4) राज्य नागरिकों के स्वास्थ्य को सुधारें तथा उनके आहार, पुष्टि बल और जीवन-स्तर को ऊंचा उठायें।

कल्याणकारी राज्य की स्थापना के लिए उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार तथा राज्य सरकारों ने कुछ कदम उठाये हैं। भारत ने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात कल्याणकारी राज्य के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नियोजन का सहारा लिया है। लोक कल्याण के क्षेत्र में विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार की शिक्षा सुविधाओं और चिकित्सा सेवाओं का विस्तार हो रहा है। इसके साथ ही आर्थिक क्षेत्र में भूमि सुधार, चकबंदी और रोज़गार संबंधी कानून बने हैं तथा मजदूरों के कल्याण के लिए अनेक कानूनों का निर्माण किया गया है।

यद्यपि वर्तमान समय तक भारत में पूर्णरूपेण लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना अभी संभव नहीं हो सकी है। भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा लोक कल्याणकारी राज्य के पूर्णरूपेण लक्ष्य की प्राप्ति की ओर बढ़ने के निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। आशा और उम्मीद की जानी चाहिए कि समय की गति के साथ-साथ लोक कल्याणकारी राज्य प्राप्ति की दिशा में भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रयासों में और तीव्रता तथा गति आयेगी। इस प्रकार से स्पष्ट है कि आने वाले समय में भारत और राज्य सरकार को बड़े ही गर्व के साथ एक लोक कल्याणकारी राज्य कहा जा सकता है।

लोक कल्याणकारी राज्य की विशेषताएं :- लोक कल्याणकारी राज्य की निम्नलिखित विशेषताएं हैं:-

(1) राज्य के कार्यक्षेत्र में वृद्धि :- लोक कल्याणकारी राज्य की प्रमुख विशेषता संबंधित राज्य के कार्यक्षेत्र में वृद्धि करना है, क्योंकि लोक कल्याणकारी सिद्धांत व्यक्तिवादी विचारक के विरुद्ध एक प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया इस मान्यता पर आधारित है कि राज्य को वे सभी हितकारी कार्य करने चाहिए, जिनके करने से व्यक्तिगत स्वतंत्रता कम या नष्ट नहीं होती है।

(2) राजनैतिक सुरक्षा का प्रबंध :- लोक कल्याणकारी राज्य में ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि सभी व्यक्तियों में राजनीतिक शक्ति निहित हो और वे अपने विवेकानुसार इस शक्ति का प्रयोग कर सकें। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निम्नलिखित तत्व आवश्यक हैं:-

(A) प्रजातंत्रात्मक पद्धति :- राजतंत्र, अधिनायकतंत्र अथवा कुलीनतंत्र के अंतर्गत नागरिकों को कोई किसी प्रकार के अधिकार प्राप्त नहीं होते हैं। नागरिकों को केवल लोकतंत्रात्मक शासन में ही ये अधिकार प्राप्त होते हैं इसलिए एक प्रजातांत्रिक शासन पद्धति वाला राज्य ही लोक कल्याणकारी राज्य हो सकता है।

(B) नागरिक स्वतंत्रताएं :- राजनीतिक सुरक्षा और शक्ति की कल्पना तभी की जा सकती है, जब नागरिक स्वतंत्रता का वातावरण हो अर्थात नागरिकों को विचार अभिव्यक्ति और राजनैतिक दलों के संगठनों की स्वतंत्रता प्राप्त होनी चाहिए। एक नागरिक स्वतंत्रता वाला राज्य ही लोक कल्याणकारी राज्य हो सकता है।

(3) सामाजिक समानता की व्याख्या:- धर्म जाति, वर्ग एवं सम्प्रदाय तथा सामाजिक भेदभाव किए बिना व्यक्ति को व्यक्ति के रूप में महत्व प्रदान करना सामाजिक समानता का पर्याय माना जाता है जो कि लोक कल्याणकारी राज्य में ही संभव है।

(4) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना :- लोक कल्याणकारी राज्य वसुधैव कुटुम्बकम पर आधारित एक विचार है। लोक कल्याणकारी राज्य सम्पूर्ण संसार अर्थात विश्व के व्यक्तियों से संबंध रखता है। अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना और शांति और विकास में सहयोग देना लोक कल्याणकारी राज्य का प्रमुख लक्ष्य है।

(5) आर्थिक सुरक्षा का प्रबंध :- लोक कल्याणकारी राज्य का प्रमुख आधार आर्थिक सुरक्षा का प्रबंध करना है। आधार आर्थिक सुरक्षा के प्रबंध के लिए निम्नलिखित तत्वों की आवश्यकता होती है:-

(A) सभी को रोज़गार के अवसर :- लोक कल्याणकारी राज्य के अंतर्गत ऐसे सभी व्यक्तियों को जो शारीरिक व मानसिक दृष्टि से कार्य करने की क्षमता रखते हैं राज्य के द्वारा उनके योग्यतानुसार रोज़गार के अवसर अवश्य ही उपलब्ध कराये जाने चाहिए और कार्य करने में असमर्थ व्यक्तियों को जीवनयापन के लिए राज्य द्वारा 'बेरोजगारी बीमें' का प्रबंध होना चाहिए।

(B) सम्पत्ति एवं आय का समान वितरण :- किसी भी राज्य में आर्थिक सुरक्षा तभी स्थापित की जा सकती है, जबकि समाज में आर्थिक समानता हो, ताकि कोई भी व्यक्ति अपने धन के आधार पर किसी का शोषण न कर सके। सम्पत्ति और आय का वितरण समान होना चाहिए। यह व्यवस्था लोक कल्याणकारी राज्य में ही सम्भव है।

(C) न्यूनतम पारिश्रमिक का आश्वासन :- लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को इतना वेतन अवश्य देना चाहिए कि वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके तथा न्यूनतम जीवन स्तर के साथ जीवन यापन कर सके। इस संबंध में अर्थशास्त्री क्राउथर ने कहा है कि ''नागरिकों के लिए अधिकार रूप में इन्हें स्वस्थ बनाये रखने के लिए पर्याप्त भोजन की व्यवस्था की जानी चाहिए। निवास, वस्त्र आदि के न्यूनतम जीवन स्तर की ओर उन्हें चिन्ता रहित होना चाहिए। शिक्षा का उन्हें पूर्णतया समान अवसर प्राप्त होना चाहिए एवं बेरोजगारी तथा वृद्धावस्था के दुख से उनकी रक्षा की जानी चाहिए।''

- लालजीराम मीना
(लेखक, शिक्षा विशेषज्ञ एवं अनुसंधान अधिकारी, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक जिले में लगाए जाएंगे शिविर

भोपाल, मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा स्वयं का रोज़गार और उद्योग लगा सकें, इसके लिए राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद दी जाएगी। इन वर्गों के युवाओं को इस क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में लाने के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले में जनजागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर एमएसएमई विभाग और डिक्की मिलकर लगाएंगे। डॉ. अंबेडकर सामाजिक सशक्तिकरण के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण के प्रबल पक्षधर थे। वे चाहते थे कि युवा स्वयं का व्यवसाय और उद्योग लगाएं। उनकी इच्छा के अनुरूप मध्यप्रदेश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योग के लिए नीतियां तैयार की गई हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के बिट्टन मार्केट में डॉ. अंबेडकर बिजनेस फेयर को संबोधित करते हुये कहीं।

स्टार्टअप नीति के तहत निवेशकों को दिया जा रहा है अनुदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर में एक क्लस्टर डिक्की को दिया जाएगा। बाकी क्लस्टर में 20 प्रतिशत जगह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्टार्टअप नीति में महिलाओं को जिस तरह 18 लाख रुपये की अनुदान सहायता दी जाती है, उसी तरह की सहायता अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उद्यमियों को भी दी जाएगी।

एमएसएमई क्षेत्र में दिया गया 589 करोड़ रुपये का निवेश अनुदान

श्री चौहान ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र में 589 करोड़ रुपये का निवेश अनुदान दिया गया है। प्रदेश में 9 हजार 800 लघु उद्यम स्थापित किए गए हैं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए विकास शुल्क में 50 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। लाड़ली बहना योजना की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह योजना सामाजिक क्रांति की ऐतिहासिक पहल है।

युवाओं को प्रेरित करने के लिये सफल उद्यमियों के होंगे सत्र

कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के युवा प्रेरित हो सकें, इसके लिए सफल उद्योगपतियों के विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करने के लिए तैयार किए गए उद्यमिता वृक्ष की कल्पना की प्रशंसा की।

दलित इंडियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के फाउंडर चेयरमैन पद्मश्री मिलिंद कांबले ने मध्यप्रदेश सरकार के छोटे उद्योगों की स्थापना में प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि डिक्की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग में बिजनेस लीडर तैयार करना चाहते हैं। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर डिक्की कार्य कर रहा है। डिक्की एमपी चैप्टर के अध्यक्ष श्री अनिल सिरवैया ने कहा कि मुख्यमंत्री डिक्की को हमेशा मदद करते हैं। डिक्की अब एमएसएमई विभाग के साथ मिलकर अपने लघु उद्यमियों के साथ लंबी छलांग लगाना चाहते हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने डिक्की द्वारा तैयार किए गए ब्रोशर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री के समक्ष उद्यमिता विकास हेतु विभिन्न औद्योगिक संगठनों के साथ डिक्की ने एम.ओ.यू. किए। मुख्यमंत्री ने डिक्की इनोवेशन चैलेंज के विजेताओं को सम्मान पत्र दिए।

मोटिवेशनल स्पीच सुनकर आगे बढ़ती हैं अंजलि गुप्ता

मोटिवेशनल स्पीच (प्रेरणादायक व्याख्यान) सुनना एक बात है और उससे प्रेरणा लेकर सफलता पाना दूसरी बात है। बड़े मनोयोग से मोटिवेशनल स्पीच सुनने वाली मन्दसौर की अंजली गुप्ता मोटिवेशनल स्पीच से प्रेरणा लेकर ही आगे बढ़ने में विश्वास रखती हैं। इसी विश्वास के बूते अंजली ने हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा में विज्ञान (गणित) संवर्ग में राज्य की प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल ने उनसे बातचीत की। प्रस्तुत है उस बातचीत के सम्पादित अंश -

● हायर सेकेण्डरी की माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वर्ष 2023 की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त करने के लिये बधाई अंजली क्या आपको इस सफलता की उम्मीद थी ?

❍ धन्यवाद सर। किसी भी परीक्षा में जब आप शामिल होते हैं तो आप खुद अपने परफार्मेंस के सबसे अच्छे आकलनकर्ता होते हैं। मेरे भी बोर्ड एक्जाम के सभी पेपर्स अच्छे हुए थे, अतः इस परिणाम की आशा तो थी और मेरिट में मेरा नाम आ सकता है यह उम्मीद भी थी मगर मेरिट में चौथा स्थान मिलेगा यह मेरे लिये अपेक्षा से कुछ ज्यादा ही रहा मगर मेरे मन में यह विचार भी आया कि कुछ और बेहतर परफार्म करती तो और आगे जा सकती थी।

● आपने अपनी आरम्भिक शिक्षा किस संस्थान से प्राप्त की?

❍ प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षण मैंने मन्दसौर के निजी विद्यालय लोटस वैली से ही प्राप्त किया। बाद में ग्यारहवीं कक्षा से एन.एस. सिंघवी हायर सेकेण्डरी स्कूल में माध्यप्रदेश बोर्ड पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। यद्यपि इस एक परिवर्तन से आरम्भ में मुझे समायोजन में कुछ दिक्कतें आई मगर जल्दी ही मैंने इस पाठ्यक्रम के साथ भी तालमेल बना लिया।

● इस बड़ी सफलता का श्रेय आप किसको देना चाहेंगी ?

❍ मैं इस सफलता का श्रेय विशेष रूप से अपने माता-पिता और बड़ी बहन अदिति गुप्ता को देना चाहूंगी, मेरे परिवार ने हर बार मेरा हौसला बढ़ाया और मुझे हर बार और भी बेहतर करने को प्रोत्साहित किया। मैं इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के शिक्षकों, स्कूल डायरेक्टर और प्राचार्य को भी दूंगी क्योंकि उन्होंने समय-समय पर मुझे सही मार्गदर्शन प्रदान किया। श्रेय के सवाल पर मैं अपने सहपाठियों का भी नाम लेना चाहूंगी, क्योंकि समय-समय पर उन्होंने भी कुछ अच्छे टिप्स दिये।

● आपने इस परीक्षा के लिये विज्ञान सह गणित विषय का चयन ही क्यों किया? आगे उच्च अध्ययन की आपकी क्या योजना है ?

❍ गणित में आरम्भ से ही मेरी गहरी रुचि रही है। कक्षा ग्यारहवीं से मैंने फिजिक्स, केमिस्ट्री के साथ मैथ्स विषयों के साथ पढ़ाई की। बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट या फिर जेईई (JEE) के लिये सब्जेक्टस का यह सबसे अच्छा कॉम्बीनेशन माना जाता है। आगे मैं कम्प्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की डिग्री लेने का प्रयास भी करूंगी। उम्मीद है कि गत दिनों जेईई (JEE) मेंस परीक्षा में अच्छे परसेंटाइल से 4809वीं पोजीशन आई है। इस परीक्षा में 99.59 प्रतिशत अंक मिले। जेईई (JEE) मेंस परीक्षा में साढ़े बारह लाख से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए थे। इस दिशा में मैं और भी बेहतर करने का प्रयास करूंगी।

● आपने इस परीक्षा की तैयारी किस प्रकार की? आप प्रतिदिन कितने घण्टे पढ़ती थीं?

❍ स्कूल समय के अलावा औसतन आठ से दस घण्टे प्रतिदिन पढ़ाई की। होमवर्क, असाइनमेंट और मुख्य विषयों फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ्स पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया। इसके साथ ही मैंने जेईई (JEE) की तैयारी के लिये भी समय तय किया। बोर्ड की परीक्षा हो या फिर प्रवेश की अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा आपको एक व्यवस्थित समय प्रबन्धन करना ही होता है। समय प्रबन्धन के लिए केवल पेपर ड्राफ्ट से ही काम नहीं चलने वाला उसके लिये आत्म अनुशासन भी बेहद जरूरी है।

● अंजली, आप इस सफलता के आधार पर आने वाले समय में बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने वाली छात्र-छात्राओं को, 'रोज़गार और निर्माण' के माध्यम से क्या कहना चाहेंगी ?

❍ 'रोजगार और निर्माण' एक ऐसा समाचार पत्र है, जो परीक्षा की खासतौर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी सामग्री का अच्छा और प्रामाणिक स्रोत है। अद्यतन जानकारियों के लिए मैं हमेशा 'रोजगार और निर्माण' समाचार पत्र को पढ़ती रहती हूं। सफलता का जहां तक प्रश्न है, लगातार और पूरे मन से मेहनत करना जरूरी है। समर्पण के साथ लक्ष्य बनाकर काम करने पर छोटे-बड़े व्यवधानों पर नियंत्रण पाकर ही सफलता मिलती है।

(साक्षात्कारकर्ता - डॉ. घनश्याम बटवाल, मन्दसौर)

मन्दसौर की अंजली गुप्ता ने मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्डरी बोर्ड 2022-23 की परीक्षाओं के गणित समूह की प्रादेशिक प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर पूर्णांक 500 में से 484 अंक अर्जित किये हैं। अंजली के पिता श्री राजेन्द्र गुप्ता मन्दसौर की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा में कार्यरत हैं। इनकी माता श्रीमती प्रमिला गुप्ता मन्दसौर के पोस्ट ऑफिस में सेवायें दे रही हैं।

दो बहनें हैं बड़ी बहन सुश्री अदिति गुप्ता सॉफ्टवेयर इंजीनियर होकर पुणे (महाराष्ट्र) में कार्य कर रही हैं। सौम्य, शिष्ट और आत्मविश्वास से भरी अंजली गुप्ता से हुई चर्चा में उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा के दौरान वे रोलबाल, रोलर्स स्केटिंग और शतरंज जैसे खेलों में भाग लेती रही हैं। रोलबाल इवेंट में मध्यप्रदेश टीम से नेशनल टूर्नामेंट के लिए चयनित हुई पर तब कोरोना लॉकडाउन के चलते भाग नहीं लिया। रोलर्स स्केटिंग टूर्नामेंट में प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन किया। इसके अलावा उन्हें पर्यटन का भी शौक है। मोटिवेशनल स्पीच सुनने और अंग्रेजी नॉवेल पढ़ने में उन्हें आनंद आता है।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वैश्विक पर्व .....

यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित कर बीमारियों की रोकथाम करता है। इसने हमें वैश्विक आपदा कोविड से उबरने में मदद की है। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र ने इसे स्वीकार करके इसकी उपयोगिता सिद्ध की है। आज योग की पहचान पूरे विश्व में है। उन्होंने युवाओं से कहा कि उनके कैरियर और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए योग सशक्त माध्यम साबित होगा। योग को अपने जीवन में अंगीकार करें, सात्विक एवं संतुलित आहार ग्रहण करें। योग के नियमित अभ्यास से विचारों में दुनिया के प्रति सकारात्मक बदलाव आयेगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संस्काराधानी जबलपुर, प्रदेश, देश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व योगमय हो गया है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जो आज स्वयं संयुक्त राष्ट्र में दुनिया के लिए योग का नेतृत्व कर रहे हैं। योग की इस विधा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है। भारत की यह प्राचीन विधा विश्व-कल्याण के लिए है। हजारों वर्ष पूर्व से अपनाई जा रही हमारी वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा संदेश देती है कि सारी दुनिया हमारा परिवार है। मनुष्य को हमने जियो और जीने दो का संदेश दिया है, हमारे ऋषि-मुनियों ने सर्वे भवन्तु सुखिनः के माध्यम से बताया है कि पहला सुख निरोगी काया है और इसके लिए योग से बड़ा साधन कोई नहीं है। उन्होंने महर्षि पतंजलि को प्रणाम करते हुए उनके अष्टांग योग का उल्लेख किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सभी का आह्वान किया कि हमें केवल योग दिवस पर योग नहीं करना है, बल्कि इसे अपनी जीवन-शैली का हिस्सा बनाना है। यही ऊर्जा देश के विकास में लगानी है। स्वस्थ रहकर ही हम देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी और मैं प्रतिदिन योग करते हैं। प्रदेश सरकार ने सभी विद्यालयों में योग की शिक्षा को अनिवार्य किया गया है।

केंद्रीय आयुष मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। वर्ष 2014 से प्रारंभ हुई यह योग यात्रा आज भी जारी है। इस यात्रा की उपलब्धि यह है कि इसमें जन सहभागिता अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। अब यह जन-आंदोलन का रूप धारण कर चुका है। श्री सोनोवाल ने कहा कि इस बार का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कई मायनों में विलक्षण है। इसमें ओशन रिंग, योग भारतमाला, योग सागरमाला जैसे कार्यक्रम भी हुये। आर्कटिक से लेकर अंटार्कटिका महासागर तक के क्षेत्र में योग प्रदर्शन और प्रमुख मेरिडियन लाइन (Prime Meridian Line), उस पर पड़ने वाले और उस लाइन के आसपास के 40 से अधिक देशों में योग प्रदर्शन हुआ।

विपरजॉय .....

रहवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना और बिजली, पानी, स्वास्थ्य और दूरसंचार जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं के रख-रखाव को सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री ने पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की, जो उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री के निर्देशों का परिणाम ही रहा कि चक्रवात से निपटने की तैयारियों के अहम् निर्वेक्षण कार्क्षों ने दिन-रात कार्य किया और कर रहे हैं।

पिछले लगभग एक दशक में भारत के विभिन्न क्षेत्र में आये चक्रवातों से जनहानि को रोकने के भरपूर प्रयास हुए हैं। कुछ खतरनाक चक्रवातों में जनहानि भी हुई लेकिन बिपरजॉय चक्रवात से निपटने के लिये जो अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई उसमें जनसुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा गया। जैसा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक भारत के कई राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रभावी कार्य-योजना बना कर संबंधित राज्यों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये। मेरा मानना है कि इन तमाम व्यवस्थाओं के चलते बिपरजॉय के प्रभाव से होने वाली जनहानि को रोका जा सका।

कैसे हो पाता है यह सब

जैसा कि हम जानते हैं कि भारत में लगभग 58 प्रतिशत भू-भाग सामान्य से लेकर बहुत अधिक तीव्रता वाला भूकंप संभावित क्षेत्र है और 40 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र यानी देश के 12 प्रतिशत भू-भाग में बाढ़ की संभावना बनी रहती है। हमारे यहां 7516 किलोमीटर तक तटीय क्षेत्र में लगभग 5700 किलोमीटर क्षेत्र चक्रवात और सुनामी संभावित क्षेत्र है। प्रधानमंत्री जी ने इन सब बातों का ख्याल रखते हुए ही आपदा प्रबंधन की रणनीतियों पर बहुत ध्यान दिया है ताकि आपदा से प्रभावित होने वाले गरीब लोगों को जान-माल का नुकसान न हो।

प्रधानमंत्री जी ने आपदा प्रबंधन की जो रणनीति अपनाई है उसमें पहला और सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है आपदा के पूर्व प्रबंधन और तैयारी। इसके बाद भी आपदा घटित हो और तैयारियां नाकाफी साबित हों और आपदा से नुकसान हो जाए तो पुनर्वास की पूरी तैयारी। पुनर्वास के बाद पुनर्निर्माण और सामान्य स्थिति की बहाली। प्रधानमंत्री जी ने इन सभी बिन्दुओं को एक साथ अपनी प्रबंधन रणनीति में पिरोया है। उनके प्रयासों से आज हमारे देश में आपदा प्रबंधन अनिवार्य रूप से विकास की प्रक्रिया में शामिल है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री जी ने आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी मंत्रालयों की भूमिका को और ज्यादा सुदृढ़ बनाया है। परमाणु ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, भू-विज्ञान, पर्यावरण एवं वन, गृह, स्वास्थ्य, रेल, अंतरिक्ष और जल संसाधन जैसे मंत्रालयों को उन्होंने आपदाओं के प्रबंधन की तैयारियों से जोड़े रखा है।

प्रधानमंत्री ने आपदाओं के पूर्वानुमान और चेतावनी देने वाली प्रणालियों को आधुनिकतम बनाने और नवीनतम प्रणालियों के उपयोग करने पर भी जोर दिया है, जिससे सभी संबंधित एजेंसियां अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए आपदाओं के पूर्वानुमान के प्रति सचेत रहती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन, पैसिफिक सुनामी चेतावनी प्रणाली और अन्य क्षेत्रीय एवं ग्लोबल संस्थाओं के साथ भी श्री मोदी का निरंतर संपर्क बना रहता है।

मैं, मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का हृदय से अभिनंदन करता हूं, जिनकी दूरदृष्टि और प्रभावी रणनीति से देशवासियों को सुरक्षा कवच के साथ सुख-समृद्धि का साथ भी मिला है।

(ब्लॉगर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

वीरांगना .....

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल है और सिंचाई का रकबा लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार किसानों को हर तरह की सुविधा दे रही है। उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण दिया जा रहा है। अब गर्मी की धान की भी हम समर्थन मूल्य पर खरीदी करेंगे। किसानों को दी जाने वाली सम्मान निधि की राशि भी अब वर्ष में 6 हजार रुपये कर दी गई है, 6 हजार रुपये केंद्र सरकार देती है, इस प्रकार अब किसान भाइयों को वर्ष में 12 हजार रुपये मिलेंगे। बालाघाट क्षेत्र का तेज गति से विकास हो रहा है। सितंबर में यहाँ मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में एक हजार रुपये की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा रही है। आगामी समय में इस राशि को बढ़ाकर धीरे-धीरे 1250, 1500, 1750, 2000, 2250, 2500, 2750 और 3000 रुपये कर दिया जाएगा। प्रदेश में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में सरकारी पदों पर भर्ती की जा रही है। स्व-रोजगार योजनाओं का फायदा दिया जा रहा है और अब युवाओं के लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना प्रारंभ की गई है। इसमें पढ़े-लिखे युवाओं को कार्य सीखने के साथ ही प्रतिमाह 8 हजार से 10 हजार रुपये तक मानदेय दिया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि सरकार कक्षा 12वीं के मेधावी बच्चों को लैपटॉप दे रही है। विद्यालयों में प्रथम आने वाली भांजियों को स्कूटी दी जा रही है। अब सरकार ने निर्णय लिया है कि भांजों को भी स्कूटी दी जाएगी।

सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में सरकार हर गरीब के जीवन को बदलने का अभियान चला रही है। हर गरीब को सशक्त और सक्षम बनाना है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण हमारी सरकार के प्रमुख लक्ष्य हैं। प्रदेश में हर गरीब के सर पर पक्की छत की व्यवस्था की गई है, साढ़े 3 करोड़ गरीबों को मकान उपलब्ध करा दिया गया है। बीमारी के इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना में निजी अस्पतालों में भी वर्ष में 5 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा दी जा रही है।

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्यप्रदेश द्वारा आवासीय डिजाइन शिविर का आयोजन

डिजाइन की दुनिया जानने-समझने का अनूठा अवसर था "डिजाइन शिविर"

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित भारत सरकार की प्रतिष्ठित संस्था 'राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान' (एन.आई.डी.) ने पिछले दिनों एक अभिनव पहल की। ये पहल थी डिजाइन की दुनिया से परिचित कराने के लिये सात दिवसीय आवासीय डिजाइन शिविर का आयोजन। डिजाइन शिविर के बारे में जानकारी देते हुए इसके संकल्पक और एन.आई.डी. भोपाल के निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार ने बताया कि इस तरह का आवासीय शिविर भारत में किसी राष्ट्रीय संस्थान द्वारा सम्भवतः पहली बार आयोजित किया गया, जिसमें शामिल प्रतिभागी कई तरह की कलात्मक और जीवनोपयोगी गतिविधियों में हिस्सा ले सके। प्रोफेसर कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान एन.आई.डी. के सुंदर परिसर में रहकर बच्चे सुरम्य प्रकृति और डिजाइन माहौल से परिचित हो सकें, जिससे भले ही वो भविष्य में डिजाइन को कॅरियर विकल्प न चुनें फिर भी उनकी कलात्मक अभिरुचि और डिजाइन की समझ विकसित हो सकेगी, जो हमेशा उपयोगी होगी। उन्होंने कहा कि डिजाइन की दुनिया दरअसल हम सबकी जीवनशैली को बेहतर बनाने की निरन्तर कोशिश है।

शिविर के समन्वयक डॉ. शबरीधरन ने बताया कि 5 से 11 जून, 2023 तक आयोजित इस शिविर में टाई एन्ड डाई, टेक्सटाइल वीविंग, कैलीग्राफी, फोटोग्राफी, ग्राफिक डिजाइन मैजिक, पॉटरी, बुक रीडिंग, व्याख्यान, वुड क्राफ्ट सहित कई वर्कशॉप हुईं रोजमर्रा की चीजों को खुद ही दुरस्त करने के लिए रिपेयर वर्कशॉप, अचानक लगी आग से बचने के लिए फायर फाइटिंग ट्रेनिंग और सी.पी.आर. की ट्रेनिंग एवं पद्मश्री दुर्गाबाई व्याम द्वारा गोंड परधान पेंटिंग वर्कशॉप खास आकर्षण रहे। इसके अलावा नियमित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं जिनमें विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा नाटक एवं मार्गी बैंड, भरतनाट्यम और कथक नृत्य, ध्रुपद-फ्लेमेंको जुगलबंदी और नितेश राजेश के एल्बम 'कशितयां' की प्रस्तुतियां हुईं डॉ. शबरीधरन ने बताया कि डिजाइन शिविर में भोपाल के आलावा इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, जलगांव, दिल्ली एवं कोलकाता से 40 प्रतिभागी शामिल हुए। कक्षा आठ से लेकर उच्च कक्षाओं के विभिन्न स्तर के विद्यार्थी इसमें शामिल हुये।

पर्यावरण दिवस के दिन निदेशक, संकाय सदस्य एवं प्रतिभागियों ने वृक्षारोपण कर शिविर की शुरुआत की। इसके बाद फोटोग्राफी और स्केचिंग के सत्र हुए। शिविरार्थियों को भोपाल शहर से 20-25 किलोमीटर दूर ईंटखेड़ी-अचारपुरा स्थित 30 एकड़ में फैले एन.आई.डी. के व्यवस्थित और सज्जित परिसर की सैर करायी गई। उसके बाद प्रतिभागियों ने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में टाई और डाई वर्कशॉप में हाथ आजमाये और सुंदर फैब्रिक तैयार किये। सफेद कपड़े को किस तरह अलग-अलग रंगों में रंगा जाता है ये सीखा। उसी दिन पद्मश्री दुर्गाबाई व्याम की गोंड परधान पेंटिंग वर्कशॉप की शुरुआत हुई और शाम को सुरेखा काम्बले और संजीव श्री की ध्रुपद-फ्लेमेंको जुगलबंदी का आनंद लिया।

डिजाइन शिविर में वीविंग शिविरार्थियों के लिए एक नया अनुभव था। इसके बाद का खास आकर्षण था रिपेयर वर्कशॉप जिसमें रोजमर्रा की घरेलू जरूरी चीजें सुधारना सिखाया गया। उसके बाद गोंड परिधान पेंटिंग की और शाम को श्वेता देवेंद्र के निदेशन में पद्मश्री नृत्य अकादमी की शिष्याओं ने भरतनाट्यम प्रस्तुत किया। शिविर के प्रतिभागियों को भी कुछ बेसिक स्टेप्स सिखाये गए जिसमें लड़के भी शामिल थे। विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा सौरभ अनंत के निदेशन में नाटक दोपहर खेला गया और रंग संगीत पर आधारित मार्गी बैंड की एकदम नई तरह की प्रस्तुति की गई, जिसमें नाटक का संगीत, कविताओं का गायन, मौलिक रचनाओं की अभिनय मिश्रित सांगीतिक प्रस्तुति खास आकर्षण रहा।

प्रसिद्ध कलाकार देवीलाल पाटीदार ने गोंड परिधान पेंटिंग वर्कशॉप के प्रतिभागियों से बात करते हुए कहा कि आदिवासियों की सहजता और प्रेम से हमारी सम्वेदनाएं मुखरित होती हैं और इससे जुड़कर हम अच्छे कलाकार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी कलाकार अपने जनजीवन, रीति-रिवाज, रहन-सहन, परम्परा आदि को चित्रित करते हैं और आजकल उसमें भी नए-नए प्रयोग करते हैं जबकि बहुत से आधुनिक कलाकार अपना परिवेश छोड़कर कुछ अलग करने के चक्कर में कुछ सार्थक नहीं कर पाते। स्पिकमैके के सहयोग से चार दिवसीय वर्कशॉप पद्मश्री दुर्गाबाई व्याम और सुभाष व्याम द्वारा ली गई।

डिजाइन शिविर के चौथे दिन का पहला सत्र क्ले मॉडलिंग था जिसमे संकाय सदस्य

अमित गहलोत ने 'वेजिंग' यानी मिट्टी तैयार करना सिखाया। उन्होंने बताता कि मिट्टी ठीक से तैयार नहीं होगी तो आकार नहीं लेगी और पकने के समय कृति टूट सकती है। अदिति शर्मा ने व्हील पर सेंटरिंग की तकनीक बताई और अभ्यास कराया। प्रतिभागियों ने स्लैब, कोइलिंग, पिंचिंग टेक्निक से मनचाहे उत्पाद बनाये और व्हील वर्क से पॉट बनाने की कोशिश की। प्रतिभागियों के लिए ये नया अनुभव था।

लकड़ी से बनी कलाकृतियां और सामान लगते बहुत आकर्षक हैं किंतु उनको हाथों से आकार देना उतना ही कठिन है। कुछ ऐसे ही नए कलात्मक अनुभव से गुजरे डिजाइन शिविर के प्रतिभागी। डिजाइन शिविर के पांचवें दिन का मुख्य आकर्षण 'वुड वर्कशॉप' था। लकड़ी को आकार देने का ये एकदम अलग और नया अनुभव था। वर्कशॉप में सबसे पहले इंडस्ट्रियल डिजाइन फैकल्टी डॉ. राकेश विधाते ने एन.आई.डी. में मौजूद आधुनिक मशीनों जैसे : वुड वर्किंग लेथ मशीन, गोलाकार, सी. एन. सी. एनग्रेवर , सर्कुलर सॉ, बैंड सॉ का डेमोंस्ट्रेशन दिया और पार्टिसिपेट्स को हाथ के औजार (हैंड टूल्स) -चिसल (छेनी), मैलेट (लकड़ी का हथौड़ा), फाइल और सॉ (आरी) उपयोग का तरीका बताया।

प्रशिक्षक राहुल साहनी ने बताया कि आसानी के लिए सॉफ्ट वुड का इस्तेमाल किया गया जिसके लिए पाइन वुड (देवदार की लकड़ी) काफी मुफीद रहती है। इससे लकड़ी आकार भी जल्दी लेती है और

टिकाऊ भी रहती है जबकि इसके बनिस्पत सागौन जैसी हार्ड वुड को आकार देना पेचीदा और खर्चीला भी है।

डिजाइन शिविर में प्रतिभागियों को 'कला हमें कैसे प्रभावित करती है' विषय पर सम्बोधित करते हुए प्रसिद्ध सिरेमिक आर्टिस्ट, राइटर और स्टोरीटेलर शम्पा शाह ने कहा कि सृजन के लिए आनंद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिना आनंद की अनुभूति के कोई भी सृजन करना नामुमकिन है और अगर वो किसी तरह होगा भी तो उत्कृष्ट नहीं होगा। उन्होंने पिथौरा सहित कई जनजातीय कहानियां सुनाईं और प्रतिभागियों को कला अनुभव लिखने को कहा।

डिजाइन शिविर के समापन के अवसर पर प्रतिभागियों ने सात दिनों में सीखने के बाद कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी की। इनमें वुडक्राफ्ट, टाई-डाई फैब्रिक, गोंड पेंटिंग, वीविंग, पॉटरी, स्केचिंग और कैलीग्राफी शामिल थी। शिविरार्थियों ने बताया कि इस शिविर में उन्हें कलाओं की दुनिया को देखने, जानने-समझने का मौका मिला। शिविर के समापन के अवसर रायगढ़ कथक घराने की वरिष्ठ गुरु अल्पना वाजपेयी के निदेशन में उनकी शिष्याओं ने निर्गुण नृत्य प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागियों को निदेशक द्वारा प्रमाण-पत्र भी दिए गए।

इंदौर की दसवीं कक्षा की छात्रा आद्या रंजन और गीतिका मेहता को क्ले वर्कशॉप और टाई-डाई काफी पसन्द आए। जबलपुर के तरंग अग्रवाल को मार्गी बैंड पसन्द आया और वुड वर्कशॉप में बहुत मजा आया। कोलकाता से फैशन डिजाइन में जाने के इच्छुक इंदौर के परीक्षित सिंह राठौर को ये शिविर बहुत उपयोगी लगा। कोलकाता से 12वीं पास कर आए आयुष कुमार को इस शिविर के बाद डिजाइन में कॅरियर बनाने की चाहत पुख्ता हो गई।

इंजीनियरिंग छात्र ईशान माथुर को शिविर के दौरान मिलने वाली आजादी बहुत भाई। वो कहते हैं कि इस फ्रीडम से सीखने में और कॉन्फिडेंस हो पाया। 11वीं की छात्रा दोनया दोहा अली को गोंड परिधान पेंटिंग और वीविंग बहुत पसंद आई और वो अब कॅरियर डिजाइन में ही बनाएंगी। 12वीं की छात्रा अंतरा माहेश्वरी और तन्मयी मिश्रा कहती हैं कि सात दिन का समय कैसे बीत गया पता ही नहीं चला। उन्हें हर वर्कशॉप, हर गतिविधि में मजा आया और वो चाहती थीं कि शिविर कम से कम 15 दिन का होना चाहिए था।

सभी प्रतिभागी शिविर की व्यवस्था और खान-पान से बहुत संतुष्ट थे। अंतरा माहेश्वरी, पारुल मिश्रा, शिवानी बुंदेला और विहान रावत ने बताया रोज रात से ही सुबह के नाश्ते का इंतजार रहता था फिर उसके बाद दोपहर का खाना, शाम का स्वल्पाहार और रात का खाना भी हर दिन अलग-अलग और बढ़िया था।

सन्तुष्ट पालक श्रीमती वर्षा चिंचालकर अपनी बेटी अर्पिता की खुशी से विस्मित थीं। क्योंकि अर्पिता को सीखने-सिखाने के लिए विशेष तवज्जो देना होती है इसलिए वो शिविर में भेजने न भेजने की दुविधा में थीं। भरी आँखों से वो कहती हैं कि 'अर्पिता रोज खाने की और गतिविधियों की फोटो भेजती थी। उसका उत्साह देखते ही बनता था। इतने समृद्ध और सुविधाजनक शिविर की कल्पना नहीं कि थी।' आर्ट प्रमोटर और स्पिकमैके भोपाल के उपाध्यक्ष सुनिल शुक्ल ने बताया कि डिजाइन न तो पूरी तरह कला है और न ही विज्ञान किन्तु कला और विज्ञान से उपयोगी तत्त्व लेकर जरूरत के हिसाब से रचने की प्रक्रिया है। अपनी तरह के अनूठे इस शिविर में विभिन्न कलात्मक और तकनीकी विधाओं की जानकारी के साथ रिपेयरिंग वर्कशॉप, फायर फाइटिंग और सी.पी.आर. आदि कहीं नहीं बताए जाते जो जीवनोपयोगी हैं। इसी तरह नृत्य, संगीत, नाटक आदि भी संस्कृति, कला और डिजाइन की दुनिया के ही अहम हिस्से हैं इसलिए इनको देखना-सुनना भी प्रतिभागियों में सकारात्मक असर डालेगा। डिजाइन शिविर की सफलता से उत्साहित प्रोफेसर धीरज कुमार कहते हैं कि ये अब नियमित आयोजन होगा। हर बार और व्यापक और बेहतर करने की कोशिश की जाएगी।

- सुनिल शुक्ल
(लेखक, कला समीक्षक और फिल्मकार हैं)

दिव्यांगों और उनकी सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

भोपाल, दिव्यांगजन के सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्कृष्ट दिव्यांगजन और दिव्यांगता के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लोगों एवं संस्थाओं से राष्ट्रीय दिव्यांगता पुरस्कार के लिये ऑनलाइन आवेदन 15 जून से 31 जुलाई तक स्वीकार किये जायेंगे। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी एवं सह-आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्री ई. रमेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के दिव्यांगजन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आवेदन ऑनलाइन ही लिये जायेंगे, ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

व्यक्तिगत उत्कृष्ट कार्यों के क्षेत्र में 6 श्रेणियां हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन, श्रेष्ठ दिव्यांगजन, श्रेष्ठ दिव्यांग बालक/बालिका, दिव्यांगजन के लिये कार्यरत श्रेष्ठ व्यक्ति, दिव्यांगता के क्षेत्र में श्रेष्ठ पुनर्वास और दिव्यांगता के क्षेत्र में श्रेष्ठ अनुसंधान/नव प्रवर्तन/उत्पाद विकास रखी गई हैं।

दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिये कार्यरत संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ग में 8 श्रेणियां, दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ संस्थान (निजी संगठन, NGO), दिव्यांगजन के लिये सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता (सरकारी संगठन, पीएसयू, स्वायत्त निकाय, निजी क्षेत्र), दिव्यांगजन के लिये सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट एजेंसी (सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय निकायों को छोड़ कर), सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन/बाधामुक्त वातावरण के सृजन में सर्वश्रेष्ठ राज्य, संघ राज्य क्षेत्र जिला, सर्वश्रेष्ठ सुगम यातायात के साधन/सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन के अधिकार अधिनियम/विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं दिव्यांग सशक्तिकरण की अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ राज्य, संघ राज्य क्षेत्र/जिला, दिव्यांगजन के अधिकार अधिनियम के अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति राज्य दिव्यांगजन आयुक्त और पुनर्वास सेवाओं के लिये पेशेवर तैयार करने वाले सर्वश्रेष्ठ संस्थान हैं।

खेल चर्चा

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गये हैरी टेक्टर

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मई 2023 माह के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार घोषित कर दिया है। मई माह के लिए आयरलैंड के युवा बल्लेबाज हैरी टेक्टर को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। टेक्टर ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शंतो को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता है। टेक्टर यह पुरस्कार जीतने वाले पहले आइरिश क्रिकेटर बन गए हैं। टेक्टर ने बांग्लादेश के खिलाफ वन-डे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। इस सीरीज में टेक्टर ने तीन मैचों में एक शतक सहित 206 रन बनाये थे। इसके अलावा आईसीसी ने महिला वर्ग में थाईलैंड की युवा स्पिनर थिपाचा पुथावोंग को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है।

मैक्स वर्स्टापेन ने जीती कनाडियन ग्रांप्री रेस

मॉन्ट्रियल, नीदरलैंड्स के कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-वन सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखते हुए कनाडियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस अपने नाम की है। इस सत्र में वर्स्टापेन ने 6 रेस जीती हैं। वर्स्टापेन ने 70 लैप वाली कनाडियन ग्रांप्री को एक घंटा 33 मिनट 58.348 सेकेंड में अपने नाम किया। रेस में फर्नांडो अलोंसो दूसरे, लुईस हैमिल्टन तीसरे, चार्ल्स लेकलर्क चौथे और कार्लोस सेंज पांचवें स्थान पर रहे।

अभिषेक वर्मा ने तीरंदाजी विश्वकप में जीता स्वर्ण पदक

मेडेलिन, भारत के पुरुष तीरंदाज अभिषेक वर्मा ने कोलंबिया में आयोजित तीरंदाजी विश्वकप स्टेज-3 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। अभिषेक ने प्रतियोगिता में पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में जीत हासिल की है। अभिषेक ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के नंबर वन तीरंदाज माइक शोलेसर को हराया। स्पर्धा के फाइनल में अभिषेक ने पूर्व विश्व चैम्पियन जेम्स लुट्ज को 148-146 से हराया। स्पर्धा में कांस्य पदक अमेरिका के निक केपर्स ने जीता। यह अभिषेक का तीरंदाजी विश्वकप में तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है।

ऑस्ट्रेलिया ने जीता एशेज का पहला टेस्ट मैच

बर्मिंघम, आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नए सत्र की शुरुआत जीत के साथ की है। ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज के पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 2 विकेट से हराया है। पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी 393 रन बनाकर घोषित की। इसके जबाव में ऑस्ट्रेलिया ने उस्मान ख्वाजा (141) की शानदार पारी की बदौलत पहली पारी में 386 रन बनाये। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 273 रन बनाये और ऑस्ट्रेलिया को 281 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए उस्मान ख्वाजा ने पारी को संभाला और 65 रन बनाए। इसके बाद पैट कमिंस (44) ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई।

इंटर कॉन्टिनेंटल कप

लेबनान को हराकर भारत बना चैम्पियन

भुवनेश्वर, सुनील छेत्री की अगुवाई वाली भारतीय फुटबॉल टीम ने इंटर कॉन्टिनेंटल कप में जीत दर्ज की है। भुवनेश्वर में खेले गए इंटर कॉन्टिनेंटल कप के फाइनल में भारत ने लेबनान को 2-0 से हराया। भारत के लिए सुनील छेत्री और लल्लियांजुआला छांगते ने एक-एक गोल दागा।

फाइनल में भारत के सामने लेबनान की चुनौती थी, जो रैंकिंग में भारत से ऊपर थी। मैच के पहले हाफ में भारतीय टीम डिफेंसिव मोड में खेलती हुई नजर आई। पहले हाफ में दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन गोल नहीं कर सके। पहले हाफ में लेबनान की टीम ज्यादा आक्रामक नजर आई। लेबनान की टीम ने भारतीय टीम के गोल पोस्ट पर लगातार अटैक किए, लेकिन भारतीय टीम की रक्षापंक्ति को भेद नहीं सकी।

दूसरे हाफ में भारतीय टीम ने अपनी रणनीति बदली और आक्रामक खेल दिखाया। इसका फायदा भारतीय टीम को जल्द मिला। मैच के 46वें मिनट में लल्लियांजुआला छांगते ने गोल करने का मौका बनाते हुए भारतीय टीम के कप्तान छेत्री को गेंद पास की, छेत्री ने इस अवसर को भुनाते हुए गोल दागकर भारतीय टीम को मैच में बढ़त दिलाई। गोल होने के बावजूद भारतीय टीम ने आक्रामक रणनीति बरकरार रखी। मैच के 65वें मिनट में छांगते ने बेहतरीन गोल दागकर मैच में भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

- इंटर कॉन्टिनेंटल कप का यह तीसरा संस्करण था, इनमें दो बार भारत बना है विजेता।
- वर्ष 2018 में भारत ने केन्या को हराकर जीता था इंटर कॉन्टिनेंटल कप।
- भारतीय कप्तान सुनील छेत्री के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में 90 गोल हो गये हैं।
- छेत्री सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनल मेसी और अली दई के बाद चौथे स्थान पर हैं।

दूर्नामेंट में भारतीय टीम की रक्षापंक्ति ने शानदार प्रदर्शन किया। पूरे दूर्नामेंट के दौरान कोई भी टीम भारत के खिलाफ गोल नहीं कर सकी। भारत ने पहले मैच में मंगोलिया को 2-0 से और दूसरे मैच में वानुआतु को 1-0 से हराया था। भारत और लेबनान के बीच तीसरा मैच गोल रहित रहा था।

भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमेक ने खिताबी जीत के बाद टीम की जमकर सराहना की। स्टिमेक ने कहा कि मैच के दूसरे हाफ में खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल दिखाया। स्टिमेक ने कहा कि ये पिछले पांच दशक में भारतीय टीम द्वारा खेला गया सबसे शानदार मैच है। टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने क्लीन शीट रखा, जो कि सराहनीय है।

भारत ने जीता महिला इमर्जिंग एशिया कप

हांग कांग, भारत की महिला क्रिकेट टीम ने हांग कांग में आयोजित महिला इमर्जिंग एशिया कप का खिताब जीता है। पहली बार आयोजित किए गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 31 रन से हराया। भारत ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 127 रन बनाये भारत के लिए दिनेश वृंदा ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाये। इनके अलावा कनिका आहूजा ने 30 और उमा छेत्री ने 22 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की पारी को श्रेयांका पाटिल और मन्नत कश्यप ने झकझोर दिया। बांग्लादेश की टीम 96 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए श्रेयांका ने 4, मन्नत ने 3, कनिका ने 2 और तितास साधू ने एक विकेट लिया।

रोनाल्डो सिंह ने साइक्लिंग में बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

नियाली, भारतीय साइक्लिस्ट रोनाल्डो सिंह मलेशिया में आयोजित एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। रोनाल्डो ने पुरुषों की स्प्रिंट स्पर्धा के क्वालिफिकेशन में 9.877 सेकेंड का समय निकालकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। रोनाल्डो ने अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में 0.033 सेकेंड का सुधार किया है। रोनाल्डो इस स्पर्धा में 10वें स्थान पर रहे और राउंड-16 में क्वालिफाइ करने में सफल रहे।

स्पेन ने पहली बार जीती यूएफा नेशंस लीग

रॉटरडैम, स्पेन की फुटबॉल टीम ने यूएफा नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। स्पेनिश टीम ने प्रतियोगिता के फाइनल में क्रोएशिया को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। पिछले 11 वर्षों में स्पेन का यह पहला बड़ा खिताब है। इससे पहले स्पेन ने वर्ष 2012 में यूरो कप जीता था।

स्पेन ने सेमीफाइनल में इटली को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, वहीं क्रोएशिया ने नीदरलैंड्स को सेमीफाइनल में हराया। फाइनल मैच का पहला सत्र गोलरहित रहा। दूसरे सत्र में भी दोनों देश की टीमें गोल करने की कोशिश करती दिखीं, लेकिन किसी भी टीम को सफलता नहीं मिली। अतिरिक्त समय में भी विजेता का फैसला नहीं हो पाया। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया।

पेनाल्टी शूटआउट के हीरो गोलकीपर उनाइ साइमन रहे। साइमन ने पेनाल्टी शूटआउट में दो पेनाल्टी को गोल में तब्दील होने से रोका। पेनाल्टी शूटआउट में जब स्कोर 3-3 से बराबर था, तब साइमन ने लोवरो मायेर और ब्रूनो पेटकोविक की पेनाल्टी को रोककर स्पेन की जीत पक्की कर दी। पेनाल्टी शूटआउट में स्पेन के लिए जोसेलू, रोड्री, मैरिनो, असेंसियो और कार्वाजल ने गोल किये।

- स्पेन से पहले पुर्तगाल और फ्रांस भी जीत चुके हैं यूएफा नेशंस लीग।
- स्पेन का यह पांचवां बड़ा खिताब है।
- स्पेन ने नेशंस लीग से पहले एक बार फीफा विश्वकप और तीन बार यूरो कप भी जीता है।

सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जीता इंडोनेशिया ओपन

जकार्ता, बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया है। सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की जोड़ी को 21-17, 21-18 से हराया। इस जीत के साथ सात्विक और चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया ओपन जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई है।

भारतीय जोड़ी ने फाइनल मुकाबला महज 43 मिनट में ही जीत लिया। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन सात्विक और चिराग ने गेम में बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और पहला गेम 21-17 से जीत लिया। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी ने पलटवार करने की कोशिश की और गेम में आक्रामक खेल दिखाया। गेम के मध्य तक स्कोर बराबर था, इसके बाद भारतीय जोड़ी ने अपना दबदबा बनाते हुए गेम में बढ़त बनाई। मलेशियाई जोड़ी ने वापसी के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन सात्विक और चिराग ने मलेशियाई जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

इंडोनेशिया ओपन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब चीन की चेन यूफेई ने जीता, वहीं पुरुष एकल वर्ग में डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन चैम्पियन बनें एक्सेलसन ने लगातार तीसरी बार यह खिताब जीता है।

- सुपर-1000 इवेंट का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी है सात्विक और चिराग की।
- इस भारतीय जोड़ी ने इस वर्ष स्विस ओपन का खिताब भी जीता है।
- सात्विक और चिराग भारतीय बैडमिंटन में अब तक की सबसे सफल जोड़ी है।
- आरोन चिया और वूई यिक सोह पुरुष युगल वर्ग में मौजूदा विश्व चैम्पियन हैं।

एंडी मरे ने जीता नॉटिंघम ओपन का खिताब

नॉटिंघम, ब्रिटेन के अनुभवी टेनिस स्टार एंडी मरे ने नॉटिंघम ओपन का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में मरे ने फ्रांस के आर्थर कैजाक्स को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ मरे ने विम्बलडन ग्रैंड स्लैम में अपना दावा मजबूत कर लिया है। चोट से उबर कर मैदान पर वापसी करने वाले मरे का ग्रासकोर्ट पर ये लगातार दूसरा टाइटल है। इससे पहले मरे ने सर्बिटन ट्रॉफी जीती थी। जीत दर्ज करने के बाद मरे ने कहा कि मुझे ग्रास कोर्ट पर खेलना पसंद है। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ा मैंने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया और मैं प्रसन्न हूं कि मैं सफल रहा।

एशिया कप

पाकिस्तान और श्रीलंका करेंगे संयुक्त मेजबानी

क्वालालंपुर, क्रिकेट एशिया कप के आयोजन को लेकर जारी असमंजस खत्म हो गया है। एशियाई क्रिकेट परिषद ने एशिया कप को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा दिए गए हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस मॉडल के तहत एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान और श्रीलंका मिलकर करेंगे। टूर्नामेंट के शुरुआती चार मैच पाकिस्तान में खेले जायेंगे, वहीं फाइनल सहित 9 मैच श्रीलंका में आयोजित किए जायेंगे।

एशिया कप का आयोजन 31 अगस्त से 17 सितंबर तक किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में 6 टीमें खेलती हुई नजर आयेंगी। इन 6 टीमों को 3-3 टीम के ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान और नेपाल को रखा गया है, जबकि ग्रुप-बी में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान शामिल हैं। दोनों ग्रुपों से टॉप-2 टीमें सुपर फोर राउंड में जगह बनायेंगी, इनमें से शीर्ष दो टीमें फाइनल मैच खेलेंगी।

एशिया कप-2023 टूर्नामेंट की मेजबानी पीसीबी को मिली थी, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करते हुए एशिया कप को किसी अन्य देश में आयोजित किए जाने की मांग की थी, वहीं पीसीबी भी एशिया कप की मेजबानी छोड़ने को तैयार नहीं था, ऐसे में एशियाई क्रिकेट परिषद ने एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने का फैसला लिया।

- एशिया कप 2023 में भारत अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा।
- भारत ने सबसे ज्यादा 7 बार, श्रीलंका ने 6 बार और 2 बार जीता है एशिया कप।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

हीरे में बदलता जा रहा है सफेद बौना सितारा

वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष की गहराइयों में एक दुर्लभ खोज की है। धरती से लगभग 104 प्रकाश वर्ष की दूरी पर एक सफेद

- **जब सूरज की तरह एक तारा अपने अंत के करीब पहुंचता है तो वह एक सफेद बौने सितारे में बदल जाता है जो बेहद गर्म होता है। इनमें से कुछ तारे धीरे-धीरे कठोर होकर क्रिस्टल में बदल जाते हैं।**

बौने तारे की पहचान की गई है जो मुख्य रूप से कार्बन और धातु ऑक्सीजन से बना है। इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक यह ठंडा होने पर 'कॉस्मिक डायमंड' में बदल सकता है।

एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने इस सफेद तारे के बारे में बताया है। ईंधन के अभाव में अपने अंत की तरफ बढ़ते ये बौने सितारे अवशिष्ट ऊष्मा के साथ चमकते हैं और समय के साथ ठंडे हो जाते हैं। आखिर में ये क्रिस्टलीकृत कार्बन से बने काले बौने सितारों में बदल जाते हैं। हालांकि इस प्रक्रिया में एक क्वाड्रिलियन साल लग जाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023

भारत के आह्वान पर 180 से अधिक देशों का एक साथ आना ऐतिहासिक

- **दुनिया भर में करोड़ों लोगों ने 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' की थीम पर एक साथ योग किया।**
- **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 21 जून, 2023 को न्यूयॉर्क शहर में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के प्रतिष्ठित नॉर्थ लॉन में 9वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया।**
- **उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के राष्ट्रीय उत्सव का नेतृत्व किया।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2023 के राष्ट्रीय उत्सव को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 'भारत के आह्वान पर 180 से अधिक देशों का एक साथ आना ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है।' उन्होंने 2014 में रिकॉर्ड संख्या में देशों के समर्थन को याद किया जब योग दिवस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को एक वैश्विक आंदोलन और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से एक वैश्विक उत्साह बनाने के लिए पेश किया गया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति और सामाजिक संरचना, इसकी

आध्यात्मिकता और आदर्शों, और इसके दर्शन और दृष्टि ने हमेशा उन परंपराओं का पोषण किया है जो एकता के सूत्र में पिरोते हैं, एक दूसरे को अपनाती हैं और गले लगाती हैं। श्री मोदी ने देश की प्रतिष्ठित समृद्ध विविधता पर प्रकाश डालते हुए यह भी कहा कि भारतीयों ने नए विचारों का स्वागत किया है और उन्हें संरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि योग ऐसे उत्साह का पोषण करता है, आंतरिक दृष्टि का विस्तार करता है और हमें उस चेतना से जोड़ता है जो हमें जीव के प्रति प्रेम का आधार देते हुए जीव की एकता का आभास कराती है। प्रधानमंत्री ने कहा, इसलिए, हमें योग के माध्यम से अपने अंतर्विरोधों, रुकावटों और प्रतिरोधों को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा, हमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को दुनिया के सामने एक उदाहरण के रूप में पेश करना है।

संबोधन का समापन करते हुए, प्रधानमंत्री ने योग के बारे में एक श्लोक उद्धृत करते हुए कहा कि कर्म में कौशल ही योग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आजादी के अमृत काल में यह मंत्र सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और योग की सिद्धि तब प्राप्त होती है जब व्यक्ति वास्तव में अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित होता है। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, योग के माध्यम से, हम निःस्वार्थ कर्म को जानते हैं, हम कर्म से कर्मयोग तक की यात्रा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि योग से हम अपने स्वास्थ्य में सुधार करेंगे और इन संकल्पों को भी आत्मसात करेंगे। प्रधानमंत्री ने निष्कर्ष के रूप में कहा, "हमारी शारीरिक शक्ति, हमारा मानसिक विस्तार एक विकसित भारत का आधार बनेगा।'

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क शहर में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के प्रतिष्ठित नॉर्थ लॉन में 9वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में 135 से अधिक देशों के योग के प्रति उत्साहित हजारों लोगों की जबरदस्त रुचि देखी गई, जिसने एक योग सत्र में अधिकतम संख्या में देशों के लोगों द्वारा भागीदारी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव श्री एंटोनियो गुटेरेस का एक वीडियो संदेश भी चलाया गया।

योग सत्र से पहले, प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिसका उद्घाटन दिसंबर 2022 में भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता के दौरान किया गया था। इसके बाद प्रधानमंत्री ने नॉर्थ लॉन में स्थित पीसकीपिंग मेमोरियल में श्रद्धांजलि अर्पित की।

तुर्कीये ने

बेराकटार टीबी-2 ड्रोन से लॉन्च की मिसाइल

तुर्कीये की कंपनी बायकर ने बेराकटार टीबी-2 ड्रोन का एक और परीक्षण किया है। इस परीक्षण में ड्रोन को नई केमानकेस

- **200 कि.मी. दूर तक मार कर सकती है यह मिनी क्रूज मिसाइल।**

क्रूज मिसाइल से लैस किया गया था। परीक्षण के दौरान बेराकटार टीबी-2 ड्रोन ने सफलतापूर्वक केमानकेस क्रूज मिसाइल को फायर किया।

इसे ड्रोन के इतिहास में बहुत बड़ी सफलता माना जा रहा है। इससे और भी कई तरह के हथियारों को फायर किया जा सकता है। ज्ञात रहे कि रूस-यूक्रेन युद्ध और नागोर्नो-काराबाख युद्ध में भी तुर्कीये के इस ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल देखा गया है।

अभी तक किसी भी देश ने ड्रोन से क्रूज मिसाइल को लॉन्च नहीं किया है। बेराकटार टीबी-2 दुनियाभर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला सशस्त्र ड्रोन है।

इजरायली सैनिकों और फिलिस्तीनी चरमपंथियों में जोरदार संघर्ष

वेस्ट बैंक के जेनिन शहर की सड़कों पर चरमपंथियों के साथ भीषण संघर्ष में इजरायली सैनिकों की गोलीबारी में एक

- **वेस्ट बैंक में पिछले एक साल से अधिक समय से लगभग प्रतिदिन हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। इजरायली सेना ने कहा कि जेनिन में एक छापेमारी के दौरान सैनिकों पर गोली चलाई गयी और जवाब में उन्होंने फिलिस्तीनी बंदूकधारियों पर हमला किया।**

नाबालिग समेत चार फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस संघर्ष के दौरान इजरायली वायुसेना का इस्तेमाल किया गया जो दुर्लभ है। संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनी चरमपंथियों ने इजरायली सैन्य वाहन के नजदीक धमाका कर दिया। संघर्ष के दौरान कम से कम 45 फिलीस्तीनी घायल हुए हैं जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। वहीं, इजरायली सेना ने बताया कि अर्द्धसैनिक सीमा पुलिस और सेना के सात कर्मी घायल हुए हैं।

सेना ने कहा, 'सुरक्षाबल जब शहर से निकले तो सैन्य वाहन विस्फोटक सामग्री से टकराया जिससे उसे क्षति पहुंची।' उसने बताया कि सैनिकों को बाहर निकलने में मदद के लिए हेलीकॉप्टर से बंदूकधारियों पर जवाबी गोलीबारी की गई।

"एक्स खान क्वेस्ट 2023"

भारतीय सैन्य दल ने मंगोलिया में बहुराष्ट्रीय संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लिया

मंगोलिया में 20 से अधिक देशों के सैन्य दलों और पर्यवेक्षकों की भागीदारी वाला बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना संयुक्त अभ्यास "एक्स खान क्वेस्ट 2023" शुरू हो गया है। मंगोलिया के माननीय राष्ट्रपति श्री उखनागिन खुरेल्सुख ने मंगोलिया में अभ्यास स्थान पर आयोजित एक समारोह में अभ्यास का उद्घाटन किया। यह अभ्यास मंगोलियाई सशस्त्र बल (एमएएफ) और यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी पैसिफिक कमांड (यूएसएआरपीएसी) द्वारा सह-प्रायोजित है। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व गढ़वाल राइफल्स की एक टुकड़ी कर रही है। 14-



दिवसीय अभ्यास का उद्देश्य, भाग लेने वाले देशों की अंतर-क्षमता को बढ़ाना, अनुभव साझा करना और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान (यूएनपीकेओ) के लिए वर्दीधारी कर्मियों को प्रशिक्षित करना है। यह अभ्यास भविष्य के संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के लिए प्रतिभागियों को तैयार करेगा, शांति संचालन क्षमताओं को विकसित करेगा और सैन्य तैयारी को बढ़ाएगा।

इस अभ्यास में कमांड पोस्ट एक्सरसाइज (सीपीएक्स), फील्ड ट्रेनिंग एक्सरसाइज (एफटीएक्स), मुकाबला चर्चा, व्याख्यान और प्रदर्शन शामिल हैं। सैन्य अभ्यास भारतीय सेना और भाग लेने वाले देशों के बीच, विशेष रूप से मंगोलियाई सशस्त्र बलों के बीच, रक्षा सहयोग के स्तर को बढ़ाएगा जो आगे जा कर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाएगा।

नाइजीरिया के उत्तर-पूर्व हिस्से में आतंकियों का कहर

नाइजीरिया के उत्तर-पूर्व हिस्से में इस्लामिक चरमपंथी विद्रोहियों के हमले में कम से कम सात किसान मारे गये। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी तथा इसे खाद्य संकट को और बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने बताया कि बोर्नो प्रांत के मोलाई क्षेत्र के समीप अपने खेतों में काम कर रहे किसानों पर आतंकवादियों ने हमला किया। ''सिविलियन ज्वायंट टास्क फोर्स'' के सदस्य अब्दुलमुमीन बुलामा ने बताया कि उस क्षेत्र में तैनात सुरक्षाबलों ने चरमपंथियों को आगजनी करते हुए देखा।

ज्ञात रहे कि सिविलियन ज्वायंट टास्क फोर्स आतंकवादियों के साथ लड़ाई में मदद करता है। स्थानीय सरकार के अधिकारी सैन्य बुबा ने इस हमले को 'दुखद घटना' तथा समस्याग्रस्त क्षेत्र में शांति बहाली एवं कृषि गतिविधियों के लिए एक झटका बताया। उन्होंने कहा कि मृत किसानों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।